▪ वर्ष: 1
▪ अंक: 129
▪ पृष्ठ: 8
▪ मूल्य: ₹2.00

दैनिक

ज़ूम न्यूज़

राजस्थान

खबरों की दुनिया में आपका भरोसेमंद साथी

संपर्क करें
9461119998
info@zoomnews.in
www.zoomnews.in

• जयपुर, सोमवार 23 नवम्बर, 2026 • राज्य: 1, जयपुर (राजस्थान) • अंग्रेजी/हिन्दी (द्विभाषिक दैनिक) RNI No.: RJBIL/26/A5611

बीफ न्यूज

ईडी ने पंजाब के कई अफसरों को किया तलब

चंडीगढ़। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पंजाब सरकार के आधा दर्जन सेवारत और सेवानिवृत्त नौकरशाहों, जिनमें आईएएस और आईपीएस अधिकारी भी शामिल हैं, को राज्य के निलंबित डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर और उनसे जुड़ी इकाइयों के खिलाफ चल रहे धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए तलब किया है।

युवाओं के विचार-विमर्श के लिए बनेगा 'कॉकरोच क्लब'

नई दिल्ली। सीजेपी प्रवक्ता सौरव दास ने कॉकरोच क्लब की रूपरेखा साझा की है। उन्होंने एक्स पर बताया कि यह युवाओं के लिए एक ऐसा मंच होगा, जहां वे आपस में विचार साझा कर सकेंगे। क्लब में गांधी, नेहरू, अंबेडकर सहित अन्य विचारकों के विचारों पर चर्चा, व्याख्यान और फिल्म स्क्रीनिंग आयोजित की जाएंगी।

अयोध्या-जनकपुर धाम के बीच 28 से चलेगी ट्रेन

नई दिल्ली। अयोध्या और जनकपुर धाम अब सीधी ट्रेन सेवा से जुड़ेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह 23 नवंबर को वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। 604 किलोमीटर लंबे मार्ग पर गोरखपुर, बस्ती, रक्सौल और सीतामढ़ी समेत 10 प्रमुख स्टेशन होंगे। जनकपुर धाम-अयोध्या कैंट एक्सप्रेस का उद्घाटन 23 नवंबर को होगा।

रिलायंस ब्रांड्स का राजस्व 3.8% बढ़कर 3390 करोड़

नई दिल्ली। रिलायंस ब्रांड्स का वित्त वर्ष 2025-26 में राजस्व 3.77 प्रति. बढ़कर 3,390.89 करोड़ हो गया है और कंपनी का घाटा कम होकर 137.04 करोड़ रुपये रह गया। खुदरा कंपनी रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी रिलायंस ब्रांड्स लिमिटेड रणनीतिक साझेदारी, ब्रांड स्वामित्व और खुदरा परिचालन के जरिये भारतीय बाजार में वैश्विक फैशन और जीवनशैली ब्रांडों का कारोबार करती है।

आरोहण को आईपीओ लाने के लिए सेबी की मंजूरी

नई दिल्ली। छोटी राशि के कर्ज देने वाली कंपनी आरोहण फाइनेंशियल सर्विसेज को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के जरिये पूंजी जुटाने के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड की मंजूरी मिल गई है। कंपनी के मसौदा विवरण पुस्तिका के अनुसार, प्रस्तावित आईपीओ में 600 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे। इसके अलावा मौजूदा निवेशक 4.04 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) करेंगे। कंपनी ने मई में सेबी के पास आईपीओ के लिए शुरुआती दस्तावेज जमा किए थे।

जनभागीदारी की तुलना पूर्व पीएम शास्त्री के आह्वान से की

मोदी की अपील का असर! देश में सोने की खरीदारी घटी, कीमतों में आई बड़ी गिरावट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोने की अनावश्यक खरीदारी से बचने की अपनी अपील पर देशवासियों की प्रतिक्रिया पर प्रसन्नता जताई है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष देशवासियों से सोना कम खरीदने का आग्रह किया गया था और लोगों ने उनकी अपील को गंभीरता से लेते हुए खरीदारी में कटौती की। इससे सोने की कीमतों में गिरावट आई और लोगों को आर्थिक बचत करने का अवसर मिला। प्रधानमंत्री ने इस जनभागीदारी की तुलना पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के उस आह्वान से की, जिसमें उन्होंने देशवासियों से खाद्यान्न संकट के दौरान सप्ताह में एक दिन एक समय का भोजन छोड़ने की अपील की थी।



विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव के बीच की थी अपील

दरअसल, प्रधानमंत्री मोदी ने मई 2026 में देशवासियों से आग्रह किया था कि यदि बहुत जरूरी न हो तो एक वर्ष तक सोना खरीदने से बचें। उन्होंने यह अपील ऐसे समय की थी, जब पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आ रही थी। भारत के आयात बिल और विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ने की आशंका आयात नियंत्रित करने पर जोर दे रही थी।

सोने की कीमतों में आई बड़ी गिरावट

पिछले कुछ महीनों में सोने की कीमतों में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। उपलब्ध खुदरा बाजार दरों के अनुसार, दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 9 मई 2026 को 15,250 रुपये प्रति ग्राम थी, जो 21 नवंबर तक घटकर लगभग 12,523 रुपये प्रति ग्राम रह गई। इस प्रकार प्रति ग्राम कीमत में 2,727 रुपये की कमी आई है।

चैम्बर ने प्रधानमंत्री को लिखा धन्यवाद पत्र, 65 लाख रुपए प्रति किलो की गिरावट का दावा

इस बीच, चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर सोने की अनावश्यक खरीदारी से बचने की अपील के लिए उनका आभार जताया है। चैम्बर के चेयरमैन बृजेश गोयल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री की अपील से व्यापारियों, ज्वेलर्स और निवेशकों को संभावित बड़े आर्थिक नुकसान से बचने में मदद मिली।



अमित शाह अभिवादन करते हुए

सियांग डैम के विरोध के बीच अरुणाचल पहुंचे अमित शाह, बोले

चीन से सटे 40 गांवों में रुक गया पलायन, गांवों की आबादी बढ़ी

शाह ने कांग्रेस पार्टी पर अरुणाचल प्रदेश में यूपीए शासन के दौरान विकास की अनदेखी करने और राज्य को पर्याप्त वित्तीय मदद नहीं देने का भी आरोप लगाया

एजेंसी ▸▸ ईटानगर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को अरुणाचल प्रदेश के विकास को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि हमने अरुणाचल प्रदेश में चीन की सीमा से सटे गांवों के लिए परियोजनाएं शुरू कीं। मैंने इस पहल की समीक्षा और मूल्यांकन किया। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि इन सभी 40 गांवों में लोग लौटने लगे हैं और वहां की स्थानीय आबादी बढ़ी है, न सिर्फ पलायन रुक गया है, बल्कि लोग अब वापस भी आ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हमने वहां बिजली, स्कूल, स्वास्थ्य सुविधाओं और रोजगार के अवसरों की जरूरतों को पूरा किया है। हमने पहाड़ों की चोटियों तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था की है और सोलर पैनल भी लगाए हैं। इसके अलावा, गृह मंत्रालय ने आईटीबीपी और सेना को सख्त निर्देश दिया है कि वे अपनी आपूर्ति तेजपुर या गुवाहाटी से न लें, बल्कि सीधे इन गांवों से खरीदारी करें, विशेष रूप से स्थानीय सहकारी समितियों के माध्यम से खरीदने पड़ेंगे।

बिजली पानी स्वास्थ्य शिक्षा और रोजगार की सुविधाएं पहुंचाईं



अरुणाचल प्रदेश सहकारिता विजन 2047 जारी करते शाह

सेना-आईटीबीपी को स्थानीय गांवों से खरीदारी के निर्देश

पहाड़ों तक पानी पहुंचाया और सोलर पैनल भी लगाए

कांग्रेस ने अरुणाचल को क्या दिया?

शाह ने कहा कि 16 लाख से ज्यादा आबादी वाले अरुणाचल प्रदेश में मोदी सरकार ने विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी, लेकिन मैं कांग्रेस पार्टी से ये पूछना चाहता हूं कि आजादी के बाद 1-2 साल जनता पार्टी के छोड़कर पूरा शासन तो आप ही का रहा, तो इतने सालों में आपने अरुणाचल प्रदेश को क्या दिया? कांग्रेस इस सवाल का जवाब नहीं देती है, लेकिन मैं आंकड़े लेकर आया हूं। शाह ने कांग्रेस पर अरुणाचल प्रदेश में अपने शासन के दौरान विकास की अनदेखी करने और राज्य को पर्याप्त वित्तीय मदद नहीं देने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने उत्तर पूर्वी भारत के राज्य अरुणाचल प्रदेश के विकास के लिए मिलने वाली मदद में काफी ज्यादा बढ़ोत्तरी की है।

केंद्र ने 1,49,664 करोड़ रुपए दिए

शाह ने कहा कि यूपीए शासन के दौरान 2004 से 2014 के बीच केंद्र ने अरुणाचल प्रदेश को 33,530 करोड़ रुपए दिए थे, जबकि पीएम मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 2014 से 2024 तक 10 सालों के कार्यकाल में ही यह वित्तीय मदद बढ़कर 1,49,664 करोड़ रुपए हो गई। उन्होंने कहा कि 'राज्य को करों में मिलने वाला हिस्सा चार गुना बढ़ गया है, जबकि अनुदान राशि में 18 गुना वृद्धि हुई है। ग्रांट इन एड में डेढ़ गुना बढ़ोतरी हुई है और इस पैसे से विकास भी दिखा है। 2018 में पासीघाट और डिब्रूगढ़ को जोड़ता हुआ भारत का पहला और सबसे लंबा डबल डेकर ब्रिज, जिस पर ट्रेनें भी चलती हैं और गाड़ियां भी जाती हैं, ग्वाल झील, नामफुक में राज्य का पहला कोयला खदान शुरू हो गया। 44 हजार करोड़ रुपए से 1,500 किलोमीटर का फ्रंटीयर हाईवे को मंजूरी दी है।

सर्दी: राजस्थान में जमने लगी बर्फ: तापमान 30 डिग्री से नीचे



जूम न्यूज ▸▸ जयपुर

राजस्थान में बर्फ जमा देने वाली सर्दी का दौर शुरू हो गया है। हिल स्टेशन माउंट आबू में सबसे ज्यादा ठंड है। रविवार रात को हिल स्टेशन का तापमान 3 डिग्री के करीब रहा। तेज सर्दी के कारण यहां रात में ओंस की बूंद जम रही हैं, जबकि सुबह-शाम गलन वाली सर्दी पड़नी शुरू हो गई।

शेखावाटी के सीकर, फतेहपुर, नागौर के एरिया में भी लगातार कुछ दिनों से रात में पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे जा रहा है। इससे यहां भी रात में कड़ाके की सर्दी का शुरू हो गई। मौसम विभाग ने राज्य में अगले एक सप्ताह आसमान साफ रहने और सर्द हवा चलने से इसी तरह की सर्दी पड़ने का अनुमान जताया है।

रविवार को सभी शहरों में आसमान साफ रहा और सुबह-शाम के अलावा दिन में हल्की ठंडी हवा चली। सर्द हवा का ज्यादा असर उत्तर-पश्चिम के जिलों में रहा, जिस कारण फलोदी, बीकानेर, गंगानगर, जैसलमेर, बाड़मेर, पाली समेत कई शहरों में दिन के अधिकतम तापमान में 2 डिग्री तक की गिरावट हुई। बाड़मेर को छोड़ दें तो सभी शहरों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे ही रहा।

रात में गलनभरी सर्दी: राजस्थान में उत्तरी हवाओं के असर से रात में गलनभरी सर्दी का दौर शुरू हो गया। सीकर में न्यूनतम तापमान 8.5, उदयपुर में 9.7, फतेहपुर में 8.1, नागौर में 8.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इन शहरों में रात में तेज सर्दी रही। जबकि पाली, भीलवाड़ा, अजमेर, अलवर, चित्तौड़गढ़, चूरू, पिलानी, सिरोही में तापमान 10 से 12 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआ। इन शहरों में भी रात में गलन वाली सर्दी रही।

माउंट: पारे में बढ़ोतरी

हिल स्टेशन माउंटआबू के तापमान में बीते दो दिन की तुलना में सुधार हुआ है। पारा जमाव बिंदु से 3 डिग्री ऊपर रिकॉर्ड हुआ। हालांकि, सुबह सर्द हवा के कारण सोमवार सुबह भी काफी ठिठुरन रही।

लतीफ भट की मौत के बाद...

26/11 की बरसी पर हैदराबाद को दहलाने की दे दी धमकी

एजेंसी ▸▸ हैदराबाद

आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के नाम से एक धमकी भरा पत्र मिलने के बाद हैदराबाद पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया है। इस पत्र में शहर के भीतर दो बम विस्फोट कर कम से कम 300 लोगों की जान लेने और 26 नवंबर 2008 के मुंबई आतंकी हमलों जैसी वारदात को उसी तारीख पर हैदराबाद में दोहराने की चेतावनी दी गई है। लेटर में इस कथित साजिश को दक्षिण कश्मीर के लश्कर आतंकी लतीफ भट की मौत का प्रतिशोध बताया गया है, जिसे 18 नवंबर को कुलगाम के जंगलपोरा में सुरक्षा बलों ने एक मुठभेड़ में मार गिराया था।



गुरु नानक जयंती

700 सिख श्रद्धालुओं ने पार की सरहद, पाक में गूंजेगी गुरुवाणी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

गुरु नानक देव की 557वीं जयंती मनाने के लिए रविवार को 700 सिख श्रद्धालु भारत से अटारी-वाघा सीमा पार कर पाकिस्तान पहुंचे। यह जयंती 24 नवंबर को है। अकाल तख्त जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गरगज्ज और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के सदस्य इस समूह का नेतृत्व कर रहे हैं।

तीर्थयात्रियों के लिए खास व्यवस्थाएं

दोनों देशों की सरकारें मिलकर यह यात्रा सुगम बनाने में जुटी हैं। इसके लिए मेडिकल कैंप, ठहरने और आने-जाने की व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। लाहौर पहुंचने के बाद, यह जत्था गुरु नानक जी के जन्मस्थान ननकाना साहिब और अन्य ऐतिहासिक गुरुद्वारों के दर्शन के लिए जाएगा। वहां श्रद्धालु अखंड पाठ साहिब और नगर कीर्तन जैसे धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल होंगे।

इस महादान के लिए 45 प्रकार के सोने के आभूषण तैयार करवाए गए

121 किलो सोने का गुप्त दान! तिरुपति मंदिर में भक्त ने दिए 160 करोड़ के गहने

एजेंसी ▸▸ तिरुमला

तिरुमला स्थित भगवान श्री वेंकटेश्वर स्वामी के मंदिर में एक भक्त ऐसा महादान करने जा रहा है, जो तिरुमला के इतिहास में नया रिकॉर्ड बन सकता है। एक अज्ञात भक्त भगवान बालाजी को 121 किलोग्राम सोने के आभूषण समर्पित करने जा रहा है। इन आभूषणों की अनुमानित कीमत 150 से 160 करोड़ रुपये बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, आगामी 26 नवंबर को तिरुमला में श्रीवारी के सान्निध्य में यह स्वर्ण आभूषण तिरुमला तिरुपति देवस्थानम के अधिकारियों को सौंपे जाएंगे।



बेहतरीन आभूषणों के 9 विशेष सेट तैयार

इस महादान के लिए कुल 45 प्रकार के सोने के आभूषण तैयार करवाए गए हैं इन्हें विशेष रूप से 9 अलग-अलग सेट में तैयार किया गया है। इनका कुल वजन 121 किलोग्राम बताया जा रहा है। यह किसी एक भक्त की ओर से तिरुमला मंदिर को दिया जाने वाला सबसे बड़ा स्वर्ण दान माना जा रहा है।

सपा-कांग्रेस में सीट बंटवारे पर आज से मंथन

दोनों दलों के प्रतिनिधिमंडल की होगी बैठक जीत की संभावना के आधार पर तय होंगी सीटें

अखिलेश ने बनाई 4 सदस्यीय कमेटी

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस ने गठबंधन की रणनीति पर काम तेज कर दिया है। दोनों दलों के बीच सीट बंटवारे को लेकर सोमवार और मंगलवार यानी 23-24 नवंबर को नई दिल्ली में प्रमोद तिवारी के निवास पर बातचीत होगी। इसके लिए सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने चार सदस्यीय कमेटी गठित की है, जो कांग्रेस और सहयोगी दलों के साथ सीटों को लेकर चर्चा करेगी।



अखिलेश यादव और राहुल गांधी

कमेटी में सपा के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव रामगोपाल यादव, प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल, सांसद राजीव राय और सांसद इकरा हसन चौधरी शामिल हैं। कांग्रेस प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम के मुताबिक सीटों पर तार्किक चर्चा कर सम्मानजनक और सौहार्दपूर्ण समझौते की दिशा में आगे बढ़ा जाएगा। सपा प्रमुख अखिलेश यादव पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि सीटों के बंटवारे का आधार जीत की संभावना होगी। जिस सीट पर जिस दल या प्रत्याशी की स्थिति मजबूत होगी, उसे वहां चुनाव लड़ने का मौका दिया जाएगा।

केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया भी शामिल हुए

संविधान दिवस पर फिटनेस का संदेश लेकर देशभर में निकली साइकिल रैली, 26 हजार स्थानों पर आयोजित हुआ 'संडे ऑन साइकिल'

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

संविधान दिवस के अवसर पर देशभर में फिटनेस और स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश देने के लिए रविवार को 'संडे ऑन साइकिल' के 99वें संस्करण का आयोजन किया गया। केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया और गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने गांधीनगर स्थित दांडी कुटीर से इस राष्ट्रव्यापी अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। देशभर में करीब 26 हजार स्थानों पर एक साथ आयोजित इस कार्यक्रम में युवाओं, खिलाड़ियों और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. मनसुख मांडविया ने साइकिलिंग को संपूर्ण व्यायाम बताते हुए कहा कि यह न केवल शरीर को स्वस्थ रखने का प्रभावी माध्यम है, बल्कि शहरों में बढ़ते यातायात दबाव और प्रदूषण की समस्या का समाधान भी बन सकती है। उन्होंने युवाओं से साइकिल चलाने को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाने की अपील करते हुए कहा कि साइकिलिंग को फैशन के साथ पैशन भी बनाया जाना चाहिए।



फिटनेस के साथ राष्ट्र निर्माण से जुड़ें युवा

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज के युवाओं को फिटनेस के प्रति जागरूक होने के साथ-साथ राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी भी समझनी होगी। स्वस्थ और सक्रिय युवा ही विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

29 नवंबर को होगा 100वां संस्करण

डॉ. मांडविया ने 'संडे ऑन साइकिल' अभियान के 99 संस्करण पूरे होने पर प्रसन्नता जताते हुए घोषणा की कि इस अभियान का ऐतिहासिक 100वां संस्करण 29 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस विशेष आयोजन में देशभर से बड़ी संख्या में युवा, खिलाड़ी और नागरिक शामिल होंगे तथा फिटनेस का संदेश और व्यापक स्तर पर पहुंचेगा।

सूखे मेवे, किशमिश, बेरीज, नट्स से बनाया क्रिसमस केकः केरल सॉन्ग्स का उठाया लुत्फ



जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

क्रिसमस और साल के आखिरी दिनों के उत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी के साथ जयपुर के होटल्स में भी फेस्टिव सीजन का माहौल बनने लगा है। इसी कड़ी में द ललित जयपुर की ओर से ग्रैंड केक मिक्सिंग फेस्टिवल आयोजित किया गया। इसमें आमंत्रित मेहमानों, होटल के नियमित ग्राहकों, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और होटल स्टाफ ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। आयोजन में सभी ने होटल की किचन टीम के साथ मिलकर पारंपरिक केक मिक्सिंग की रस्म निभाई। इस दौरान क्रिसमस पर तैयार होने वाले पारंपरिक प्लम केक के लिए विशेष मिश्रण तैयार किया गया। फेस्टिवल में सूखे मेवे, किशमिश, कैंडिड पील्स, बेरीज, विभिन्न प्रकार के नट्स और खुशबूदार मसालों को एक साथ मिलाया गया। इसमें स्पिरिट्स का भी इस्तेमाल किया गया, जिससे मिश्रण में खास स्वाद और खुशबू विकसित हो सके। इस पारंपरिक प्रक्रिया के बाद तैयार मिश्रण को आने वाले कई सप्ताह तक सुरक्षित रखकर परिपक्व किया जाएगा। समय के साथ इसमें मौजूद सामग्रियों के स्वाद आपस में मिलेंगे और एक खास फ्लेवर विकसित होगा। क्रिसमस के मौके पर इसी मिश्रण का इस्तेमाल पारंपरिक प्लम केक तैयार करने में किया जाएगा। केक मिक्सिंग क्रिसमस से पहले की जाने वाली एक पुरानी पाक परंपरा है।

ब्रीफ न्यूज

जयपुर में जिला-परिषद में कांग्रेस की सीटें बढ़कर हुईं 42

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

जयपुर जिले में पंचायत चुनाव के पुनर्मतदान रविवार को हुए। इसके बाद परिणाम आए। जयपुर में 2 जिला परिषद के वार्डों और तीन पंचायत समितियों के एक-एक वार्डों में वोटिंग करवाई गई। इसके रिजल्ट घोषित किए गए। इस परिणाम के साथ ही दूदू पंचायत समिति में कांग्रेस का बोर्ड बन गया। रिजल्ट में जयपुर जिला परिषद के वार्ड नंबर 13 से भाजपा की बादाम देवी, जबकि वार्ड नंबर 52 से कांग्रेस के कालूराम शर्मा ने जीत दर्ज की। इन रिजल्ट के बाद जयपुर जिला परिषद के सभी 57 सीटों की स्थिति क्लियर हो गई। सभी 57 में से कांग्रेस को 42 सीटें, जबकि बीजेपी को 13 सीटें मिली, जबकि 2 सीटों पर आरएलपी ने जीत दर्ज की है। चौमूं पंचायत समिति वार्ड 25 के बूथ नं. 142 पर पुनर्मतदान होने के बाद जारी रिजल्ट में बीजेपी की आंची यादव ने जीत दर्ज की। शाहपुरा पंचायत समिति के वार्ड 6 के बूथ नं. 34 पर हुए पुनर्मतदान के बाद यहां आए रिजल्ट में कांग्रेस के मक्खन लाल मीणा ने जीत दर्ज की। जबकि पंचायत समिति दूदू के वार्ड संख्या 6 के बूथ संख्या 62 पर वोटिंग करवाई गई, जहां कांग्रेस प्रेम ने जीत दर्ज की। दूदू में कांग्रेस ने जीत दर्ज की। इसके साथ ही दूदू पंचायत समिति में भी कांग्रेस का बोर्ड बन गया। यहां 15 में से 7 सीटें कांग्रेस के नाम हो गईं।

केबल चुराने वाले दो भाइयों समेत 3 आरोपियों को पकड़ा

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

कालवाड़ पुलिस ने वाहन और खेतों से बिजली केबल चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर दो सगे भाइयों समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनसे एक कार, 4 बाइक और 640 फीट बिजली केबल बरामद की है। 1 नवंबर को महेशवास खुर्द स्थित सरकारी बोरिंग से केबल चोरी का मामला दर्ज हुआ था। थानाधिकारी दिलीप सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने कापड़ियावास निवासी सगे भाई तेजपाल चौधरी, फूलचंद चौधरी व खोराबीसल निवासी संतोष को गिरफ्तार कर लिया।

स्लीपर बस से बिहार ले जा रहा था अंग्रेजी शराब, तस्कर पकड़ा

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

सिंधी कैम्प पुलिस ने स्लीपर बस से बिहार शराब तस्करी करने जा रहे एक अंतरराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के दो ट्रॉली बैग से बबल रैप में छिपाकर रखी गई विभिन्न ब्रांड की 29 बोतल अंग्रेजी शराब जब्त की है। डीसीपी (पश्चिम) प्रशांत किरण ने बताया कि 21 नवंबर को चेकिंग के दौरान बिहार जाने वाली बस के पास खड़े प्रमोद सिंह (48) निवासी शिवहर, बिहार हाल विश्वकर्मा के बैगों की तलाशी ली थी।

युवा-महिला एकता के लिए 150 संगठनों का होगा सम्मेलन

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

राजस्थान जैन युवा महासभा की ओर से आगामी दिनों में धार्मिक, सामाजिक और समाजोपयोगी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत 6 दिसंबर को भट्टारक जी की नसिया स्थित तोतूका सभागार में दीपावली स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह होगा, जबकि फरवरी 2027 में विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए वैवाहिक परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। भगवान महावीर के 2553वें निर्वाण वर्ष के दौरान युवा व महिला एकता को सुदृढ़ करने के लिए वृहद सम्मेलन भी होगा। ये निर्णय सहकार मार्ग स्थित प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिए गए। प्रदेश महामंत्री विनोद जैन ने बताया कि समारोह में समाज सेवा, युवा उत्थान, मानव कल्याण, धर्म प्रभावना व जिनवाणी संवर्धन में योगदान देने वाली जयपुर की तीन विभूतियों और एक संस्था को सम्मानित किया जाएगा। दशलक्षण महापर्व के दौरान मंदिरों में हुए कार्यक्रमों व सुगंध दशमी की झांकियों को भी पुरस्कृत करेंगे। जिला महामंत्री सुभाष बज ने बताया कि आगामी युवा-महिला सम्मेलन में जयपुर महानगर व ग्रामीण क्षेत्रों के 150 से अधिक संगठनों के करीब 1500 युवा व महिलाएं शामिल होंगी। बैठक में सदस्यता अभियान, त्रिवार्षिक चुनाव व शाखा विस्तार पर चर्चा हुई। इसमें संजय पाण्डया, मनीष बैद, यशकमल अजमेरा, सीए दिनेश जैन, कमल सरावगी, राजेश बडजात्या, धीरज पाटनी, मुकेश कासलीवाल, तरुण जैन, पंकज लुहाड़िया, अनिल बडजात्या व राजकुमार बडजात्या सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

जयपुरः पाइपलाइन ठीक करने गए कर्मचारियों को बंधक बनायाः चोर बताकर गाली-गलौज और मारपीट की

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

जयपुर के पानी की पाइपलाइन ठीक करने गए कर्मचारियों को कॉलोनी के लोगों ने बंधक बना लिया। कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। गैती से मारने की धमकी दी मोबाइल भी छीनने की कोशिश की। इसका वीडियो भी सामने आया है। मामला मुरलीपुरा के 4-C जमनापुरी में राजस्थान टेंट हाउस के पास का शनिवार दोपहर 3:55 बजे का है। पीड़ित ठेका कंपनी के सुपरवाइजर हंसराज रविवार को आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। ठेका जलकर्मियों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न होने पर कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी है।

पुलिस ने बताया- मुरलीपुरा 4-C जमनापुरी में कई दिनों से पानी नहीं आने की शिकायत पर जलदाय विभाग के मुरलीपुरा सब-डिवीजन के अधीन फर्म गीता इंटरप्राइजेज के सुपरवाइजर हंसराज दो कर्मचारियों मुनेष और प्रेमप्रकाश के साथ पानी की लाइन ठीक करने पहुंचे थे। कर्मचारियों ने सड़क पर खुदाई कर पानी की लाइन को ठीक किया। काम पूरा होने के बाद कर्मचारी जब खोदा गया गड्ढा भर रहे थे, तभी दिनेश कोठारी, अनिल भामू और सुरेंद्र भामू सहित कुछ लोग वहां पहुंच गए। जयपुर जिला जलकर्मी अध्यक्ष राजपाल भार्गव ने बताया- लोगों ने कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज की। सुपरवाइजर हंसराज का कॉलर पकड़कर उसके साथ धक्का-मुक्की की। कर्मचारियों को चोर बताते हुए कॉलोनी में आने पर सवाल उठाए।

यूनियन ने दी कार्य बहिष्कार की चेतावनी

घटना के विरोध में जयपुर जिला ठेका जलकर्मी यूनियन ने नाराजगी जताई है। यूनियन अध्यक्ष राजपाल शर्मा, महामंत्री जयप्रकाश, कार्यकारी अध्यक्ष हजारीलाल, प्रवक्ता कालूराम सैनी और कोषाध्यक्ष सोनूराम सैनी ने कर्मचारियों के साथ हुए दुर्व्यवहार की निंदा की। यूनियन पदाधिकारियों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि कर्मचारियों को न्याय नहीं मिला और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो जयपुर शहर के सभी ठेका कर्मचारी कार्य बहिष्कार कर सकते हैं।



टी-20 में कुणाल ने लगाया शतक

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में राजस्थान ने मिजोरम को 67 रन से हराकर टूर्नामेंट में चौथी जीत दर्ज की। मुंबई में रविवार को खेले गए मुकाबले में विकेटकीपर बल्लेबाज कुणाल सिंह राठौड़ ने शानदार शतकीय पारी खेली। यह उनके टी20 करियर का पहला शतक है। उन्होंने 27वें बीसीसीआई डोमेस्टिक टी20 मैचों के बाद यह उपलब्धि हासिल की। खास बात यह है कि वह राजस्थान की टी20 में पहले शतकवीर भी बने हैं।

राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 224 रन बनाए। कुणाल ने 60 गेंदों पर नाबाद 116 रन बनाए, जिसमें आठ चौके और आठ छक्के शामिल रहे। उन्होंने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए मिजोरम के गेंदबाजों पर दबाव बनाए रखा।

10 थानों को मिले नए पेट्रोलिंग वाहन



जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

राजधानी में कानून-व्यवस्था चाक-चौबंद रखने, पुलिस की गश्त प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए रविवार को जयपुर पुलिस के बेड़े में 10 नए पेट्रोलिंग वाहन शामिल किए। करधनी (पश्चिम) थाना परिसर में आयोजित समारोह में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने हरी झंडी (फ्लैग ऑफ) दिखाकर इन वाहनों को रवाना किया। ये सभी नए वाहन झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 10 पुलिस थानों को आवंटित किए हैं।

समारोह में मुख्य अतिथि मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने अपराध नियंत्रण में जयपुर पुलिस के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पुलिस की कार्यक्षमता बढ़ाने और आमजन को सुरक्षित माहौल देने के लिए आधुनिक संसाधन उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है। पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और मजबूत किया जा सकता है। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने कहा कि नए पेट्रोलिंग वाहनों के मिलने से संबंधित थाना क्षेत्रों में पुलिस की निगरानी और गश्त को मजबूती मिलेगी। इससे अपराधों पर लगाम कसने के साथ-साथ आपातकालीन परिस्थितियों में आमजन तक त्वरित पुलिस सहायता (रिस्पांस टाइम) पहुंचाने की क्षमता में भी इजाफा होगा। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. अजय सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (यातायात एवं प्रशासन) प्रदीप मोहन शर्मा, डीसीपी (पश्चिम) प्रशांत किरण सहित जयपुर पश्चिम जिले के कई पुलिस अधिकारी और जवान मौजूद रहे।

राहुल गांधी 9 दिसंबर को आएंगे जयपुरः राष्ट्रीय सचिवों का 10 दिन का ट्रेनिंग कैंप

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

राहुल गांधी 9 दिसंबर को जयपुर आएंगे। 30 नवंबर को जयपुर में कांग्रेस के नए राष्ट्रीय सचिवों के 10 दिन के ट्रेनिंग कैंप की शुरुआत होगी। ट्रेनिंग कैंप का उद्घाटन कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे करेंगे, जबकि समापन सत्र में राहुल गांधी शामिल होंगे। जयपुर ट्रेनिंग कैंप में खड़गे और राहुल गांधी के आने का कार्यक्रम फाइनल किया जा चुका है। कांग्रेस के सीनियर लीडर नए राष्ट्रीय सचिवों को 10 दिन तक ट्रेनिंग देंगे। कांग्रेस ने 19 नवंबर को ही 81 नए राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किए हैं। इसमें नए राष्ट्रीय सचिवों को राज्यों में सह-प्रभारी की जिम्मेदारी दी है। बाड़ा पदमपुरा में ट्रेनिंग कैंप के लिए कांग्रेस ने तैयारियां शुरू कर दी है। ट्रेनिंग कैंप की तैयारियों का जायजा लेने के लिए कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल 25 नवंबर को जयपुर आएंगे। बाड़ा पदमपुरा में पहले भी कांग्रेस के राष्ट्रीय और प्रादेशिक स्तर के ट्रेनिंग कैंप हो चुके हैं। साल 2003 में कांग्रेस का 3 दिन का नेशनल ट्रेनिंग कैंप हुआ था। उस समय सोनिया गांधी सहित सभी वरिष्ठ नेता शामिल हुए थे। कांग्रेस के प्रादेशिक स्तर के कई ट्रेनिंग कैंप भी यहां होते रहे हैं।



कांग्रेस में नए पदाधिकारियों को राज्यों में जिम्मेदारी संभालने से पहले ट्रेनिंग देने का नया प्रयोग शुरू किया गया है। कांग्रेस ट्रेनिंग सेल हर साल कांग्रेस नेताओं के अलग-अलग कैंप लगाती रही है। इससे पहले माउंट आबू में ट्रेनिंग कैंप हुआ था। इन ट्रेनिंग कैंपों में चुनिंदा नेताओं को ही बुलाया जाता है। अन्य नेताओं को एंट्री नहीं दी जाती है। 10 दिन तक चलने वाले इस कैंप में राष्ट्रीय सचिवों को संगठन को मजबूत करने से लेकर कांग्रेस के पक्ष में सियासी नरेटिव तैयार करने की ट्रेनिंग दी जाएगी।

81 नए राष्ट्रीय सचिव बनाए, 6 राजस्थान से

कांग्रेस ने 19 नवंबर को 81 नए राष्ट्रीय सचिव बनाए हैं, इनमें से 6 राजस्थान से हैं। राजस्थान से बनाए गए राष्ट्रीय सचिवों में हेम सिंह शेखावत, रेहाना रियाज, धीरज गुर्जर, डूंगरराम गेदर, दानिश अबरार और जगदीश जांगिड़ शामिल हैं।

शेखावत बोले- नतीजे पार्टी के लिए आत्ममंथन का अवसरः योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने में कहां चूके, भाजपा करेगी आकलन

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

राजस्थान में पंचायत चुनाव के नतीजों को केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भाजपा के लिए आत्मावलोकन का अवसर बताया है। शेखावत ने कहा कि डबल इंजन सरकार होने के बावजूद पंचायत चुनावों में अपेक्षित परिणाम नहीं मिलना भारतीय जनता पार्टी के लिए आत्मावलोकन का अवसर है।

उन्होंने कहा कि पार्टी इस बात का आकलन करेगी कि केंद्र सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों का लाभ जनता तक पहुंचाने में कहां कमी रही और और सरकार के कामकाज का संदेश आम लोगों तक प्रभावी ढंग से क्यों नहीं पहुंच पाया। चुनाव परिणामों के आधार पर इन कमियों की समीक्षा की जाएगी। यह समीक्षा केवल प्रदेश स्तर पर नहीं, बल्कि जमीनी स्तर, जिला स्तर और निर्वाचन क्षेत्र के स्तर पर भी की जाएगी। इसके बाद जयपुर में भी इस पर विस्तृत मंथन होगा। रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय और एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत करते हुए शेखावत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ऐसी पार्टी है, जो चुनाव में जीत मिलने पर भी और हार होने पर भी समान रूप से परिणामों की समीक्षा करती है।

शेखावत ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता और नेता किसी चुनावी परिणाम से निराश होकर बैठने वाले नहीं हैं। भाजपा का राजनीतिक सफर दो सीटों से शुरू होकर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने तक पहुंचा है।



ऐसे में किसी एक चुनाव का परिणाम पार्टी के आत्मविश्वास और संकल्प को प्रभावित नहीं कर सकता।

उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए चुनावी नतीजे केवल जीत और हार का आंकड़ा नहीं होते, बल्कि उनसे सीख लेकर आगे की रणनीति तैयार करने का अवसर भी मिलता है। शेखावत ने कहा कि राजस्थान में डबल इंजन सरकार होने के बावजूद पंचायत चुनावों में अपेक्षित परिणाम नहीं आना गंभीरता से विचार करने का विषय है। पार्टी यह देखेगी कि सरकार ने जो योजनाएं शुरू कीं और विकास के जो काम किए, उनका वास्तविक लाभ कितने लोगों तक पहुंचा। इसके साथ ही यह भी आकलन किया जाएगा कि सरकार के कामकाज, योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी आम जनता तक किस तरह पहुंचाई गई।

पंचायत चुनाव परिणाम में कहां चूक हुई, पार्टी गंभीरता से करेगी मंथन

उन्होंने कहा कि कई बार सरकार अच्छा काम करती है, लेकिन उस काम का संदेश और उसका लाभ लोगों तक प्रभावी तरीके से नहीं पहुंच पाता। ऐसे में यह समझना जरूरी है कि कमी सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में रही या फिर उनके प्रचार-प्रसार और जनसंपर्क में कोई चूक हुई। पार्टी इन सभी पहलुओं पर गंभीरता से विचार करेगी।

समीक्षा के दौरान स्थानीय स्तर पर कार्यकर्ताओं की भूमिका, संगठन की सक्रियता और जनता के साथ संवाद जैसे विषयों को भी समझा जाएगा। वर्ष 2029 के लोकसभा चुनाव को लेकर पूछे गए सवाल पर शेखावत ने विश्वास जताया कि भारतीय जनता पार्टी एक बार फिर सत्ता में वापसी करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी का संगठन और कार्यकर्ता लगातार सक्रिय हैं। चुनावी परिणामों से सीख लेकर पार्टी अपनी रणनीति को और मजबूत करेगी।

2028 में भाजपा रिपीट करेगी सरकार

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के चौथी बार मुख्यमंत्री बनने की दावेदारी से जुड़े सवाल पर शेखावत ने इसे कांग्रेस का आंतरिक विषय बताया। उन्होंने कहा कि यह उनकी पार्टी का मामला है और इस पर निर्णय भी कांग्रेस को ही करना है। इसके बाद उन्होंने राजनीतिक अंदाज में कहा कि वर्ष 2028 में राजस्थान में भाजपा अपनी सरकार रिपीट कर रही है। वर्ष 2034 में यदि उनकी पार्टी ने उन्हें कोई संकेत दिया है तो उन्हें अपना निर्णय करना है।

बचपन में किया वादा भाई ने 18 साल बाद निभायाः शाही लवाजमे के साथ भरा बहन का भात, हाथी पर बैठकर नोटों की बारिश की







जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

भाई-बहन का रिश्ता प्यार, विश्वास और समर्पण की अनूठी मिसाल होता है। इसी रिश्ते की एक भावुक और भव्य तस्वीर वैशाली नगर निवासी गोपिका शर्मा के परिवार में देखने को मिली। पिता के देहांत के बाद गोपिका शर्मा के छोटे भाई त्रिनेत्र ने अपनी बहन को भरोसा दिलाते हुए वादा किया था कि-

तू चिंता मत कर बहन, जब तेरे बच्चों की शादी होगी, तब मैं ऐसा भात लेकर आऊंगा कि पूरी दुनिया देखेगी। छोटे भाई त्रिनेत्र ने 18 साल पहले किए गए अपने इस वादे को आज पूरी शिद्दत और शाही अंदाज में निभाकर दिखा दिया। बहन के बच्चों की शादी के अवसर पर त्रिनेत्र अपने भांजे-भांजियों का भात भरने के लिए पूरे शाही लवाजमे के साथ पहुंचे। इस भव्य आयोजन में हाथी, घोड़े और ऊंट सहित शाही साज-सज्जा से सजे लवाजमे ने समारोह की शोभा में चार चांद लगा दिए।

इस दौरान भाई त्रिनेत्र और भतीजों ने हाथी पर सवार होकर अपनी बहन पर नोटों की बारिश की। इस अनूठे और भव्य नजारे को देखने के लिए आसपास के लोगों का भारी हुजूम उमड़ पड़ा। लोगों की भीड़ इतनी अधिक थी कि सड़क पर यातायात जाम जैसी स्थिति बन गई।

शाही ठाठ-बाट, हाथी-घोड़ों और भारी लवाजमे के साथ निकले इस भात की चर्चा पूरे क्षेत्र में हो रही है। हर तरफ बस एक ही बात सुनाई दे रही है कि भाई ने अपनी बहन का भात बेहद शानदार और यादगार अंदाज में भरा। यह सिर्फ एक भात नहीं, बल्कि 18 साल पहले पिता के जाने के बाद बहन को दिए गए भरोसे, भाई के अटूट प्रेम और जिम्मेदारी को निभाने की एक भावुक मिसाल है। वादा 18 साल पुराना था, लेकिन भाई ने उसे आज भी उतनी ही शिद्दत से निभाया।

ब्रीफ न्यूज

मातृशक्ति वंदन समारोह में महिलाओं की सशक्त भागीदारी का आह्वान



जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

होटल पोलो इन में पंडित हरिशंकर बीलवाल 'धर्मरक्षक' के आयोजन में मातृशक्ति वंदन समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस दौरान महिला सम्मान, सुरक्षा, सशक्तिकरण व रोजगार जैसे विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। आयोजक पंडित हरिशंकर बीलवाल ने मातृशक्ति को समाज की वास्तविक शक्ति बताते हुए महिलाओं से सामाजिक गतिविधियों तथा धर्म व संस्कृति के प्रचार-प्रसार में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपनी संगठन क्षमता को पहचान कर सकारात्मक परिवर्तन की वाहक बनें। उन्होंने आश्वस्त किया कि धर्म-संस्कृति के संरक्षण व प्रचार-प्रसार के कार्यों में महिलाओं को किसी भी सहयोग की आवश्यकता होने पर वे सदैव तत्पर रहेंगे। समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. मीना गौतम, डॉ. सीमा गौतम व डॉ. सरोज शर्मा सहित अनेक गणमान्य महिलाओं ने राष्ट्र निर्माण में मातृशक्ति की भूमिका पर विचार रखे।

उप-राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण शुरू, 4.61 लाख बच्चों को पिलाएंगे दवा

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

जयपुर प्रथम जिले में रविवार को उप-राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण दिवस का शुभारंभ हुआ। सीएमएचओ डॉ. रवि शेखावत ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, महेश नगर पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान की शुरुआत की। इसके तहत जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए गए 4,164 बूथों पर 0 से 5 वर्ष तक के 4 लाख 61 हजार 578 बच्चों को खुराक पिलाने का लक्ष्य है। आरसीएचओ डॉ. महेश चौधरी ने बताया कि अभियान की निगरानी के लिए 790 सुपरवाइजर, 140 ट्रांजिट टीमें व 170 मोबाइल टीमें तैनात की हैं। आगामी दिनों में मोबाइल टीमें घर-घर जाकर वंचित रहे बच्चों को दवा पिलाएंगी।

बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौतः राजलदेसर जा रहा था

जूम न्यूज ▶▶| चूरू

राजलदेसर थाना क्षेत्र में एनएच-11 पर बोलेरो और बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। हादसा भरपालसर पुलिया और पायली के बीच हुआ। पुलिस के मुताबिक वार्ड तीन निवासी बजरंगलाल ने रिपोर्ट दी कि उसका भाई रूपचंद बाइक (22) से रतनगढ़ से राजलदेसर जा रहा था। इसी दौरान राजलदेसर की ओर से आ रही बोलेरो ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर में रूपचंद गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे निजी वाहन से राजलदेसर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

टोल-प्लाजा पर फायरिंग करने वाले दो बदमाश गिरफ्तारः अवैध पिस्टल बरामद, बिना नंबर की बोलेरो कैंपर से तोड़ा था टोल बैरियर

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

जयपुर में रिंग रोड स्थित सीतारामपुरा टोल प्लाजा पर फायरिंग कर दहशत फैलाने के मामले में पुलिस को आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में सांगानेर सदर थाना पुलिस और डीएसटी साउथ की टीम ने कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो अवैध पिस्टल भी बरामद की हैं। वारदात में इस्तेमाल बोलेरो कैंपर गाड़ी को पुलिस पहले ही जब्त कर चुकी है। डीसीपी साउथ राजर्षि राज ने बताया कि 19 नवंबर की रात सीतारामपुरा टोल प्लाजा पर बिना नंबर की बोलेरो कैंपर लेकर पहुंचे बदमाशों ने टोल बैरियर तोड़ दिया था। इसके बाद टोल कर्मचारियों को डराने और जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दहशत फैला दी थी।

घटना के बाद सांगानेर सदर थाना पुलिस और डीएसटी साउथ की टीम ने जांच शुरू की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 19 नवंबर को ही दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान धनराज गुर्जर उर्फ डीके गुर्जर (36) निवासी सूरजपुरा, सांगानेर सदर और बनवारी मीणा उर्फ बन्नू चांदा (24) निवासी थूणी मंगलदास, कोटखावदा के रूप में हुई है। पुलिस जांच के दौरान धनराज गुर्जर की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल की गई अवैध पिस्टल बरामद की गई। वहीं, उसके साथी बनवारी मीणा के कब्जे से भी एक अन्य अवैध पिस्टल मिली। पुलिस ने अवैध हथियारों की बरामदगी के संबंध में दोनों आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग मामला दर्ज किया है। सांगानेर सदर थाना प्रभारी कमलेश कुमार शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की सूचना पर पुलिस टीम उन्हें पुलिस जाब्ते के साथ घटनास्थल पर लेकर पहुंची। यहां वारदात की तस्दीक करवाई गई और मौका मुआयना किया गया। पुलिस अब आरोपियों से अन्य आपराधिक वारदातों में उनकी संलिप्तता और अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त के नेटवर्क के बारे में पूछताछ कर रही है।



DRM ने देशनोक स्टेशन का निरीक्षण किया

ओरण परिक्रमा के लिए सुविधाओं और सुरक्षा की व्यवस्थाएं परखीं



जूम न्यूज ▶▶| देशनोक

24 नवंबर तक देशनोक में आयोजित होने वाली प्रसिद्ध धार्मिक परंपरा 'माता करणी के ओरण परिक्रमा' के दृष्टिगत मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने देशनोक रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं और यात्रियों की सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक, बीकानेर गौरव गोविल भी उनके साथ उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक त्रिपाठी ने स्टेशन पर आरक्षण, टिकट बुकिंग काउंटर, पैनल रूम, प्रतीक्षालय, सर्कुलेटिंग एरिया, यात्रियों के बैठने के लिए उपलब्ध स्थान और अन्य यात्री सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन परिसर की साफ-सफाई, यात्रियों के आवाजाही, भीड़ प्रबंधन एवं श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंडल रेल प्रबंधक ने निर्देश दिए कि ओरण परिक्रमा के दौरान देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए स्टेशन पर यात्री सुविधाओं, स्वच्छता, सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही यात्रियों के बैठने और आवाजाही के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध रखने और सभी व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बताया कि देशनोक रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं में और अधिक विस्तार करने के उद्देश्य से विकास और उन्नयन कार्य शीघ्र प्रारंभ किए जाएंगे।

झुंझुनूं जिला फुटबॉल संघ के सत्यपाल अध्यक्ष व महेंद्र सचिव चुने गए

जूम न्यूज ▶▶| झुंझुनूं

झुंझुनूं जिला फुटबॉल संघ की नई कार्यकारिणी के निर्वाचन की प्रक्रिया रविवार को स्वर्ण जयंती स्टेडियम में संपन्न हुई। निर्वाचन अधिकारी डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि चुनाव में सभी पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों का सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचन हुआ। इसमें सत्यपाल को अध्यक्ष, रणधीर सिंह, प्रदीप व दिनेश सिंह को उपाध्यक्ष, महेंद्र सिंह बिजारणिया को सचिव, विकास कुमार बुडानिया, अनिल कुमार शर्मा, कर्मवीर व हेमंत थालोर को संयुक्त सचिव तथा मनोज कुमार सैनी को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया।

मिलन पूनिया को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने जिले में फुटबॉल खेल को बढ़ावा देने, खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण देने, ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए सामूहिक रूप से प्रयास करने की बात कही। युवा खिलाड़ियों को राज्य व राष्ट्रीय स्तर तक अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के अवसर उपलब्ध करवाने की बात भी कही।

सुजानगढ़ के वेंकटेश्वर मन्दिर में उत्सव का आयोजन

दक्षिण भारत से आए पंडितों ने करवाए अनुष्ठान, 29 नवम्बर तक ब्रह्मोत्सव



जूम न्यूज ▶▶| सुजानगढ़

सुजानगढ़ के देशभर में प्रसिद्ध वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में गुरुवार से रविवार तक 21वें पवित्र उत्सव (श्री महाविष्णु यज्ञ) का आयोजन हुआ। चेयरपर्सन एवं मैनेजिंग ट्रस्टी मंजू देवी जाजोदिया ने बताया कि 19 नवम्बर से 22 नवम्बर तक दक्षिण भारत के विद्वान पंडितो ने विश्व कल्याण, सुख शांति, संतुष्टि, आत्मा शुद्धि एवं वर्ष भर में की गई त्रुटियों की क्षमा याचना के लिए इस पवित्र उत्सव में अनुष्ठान करवाए। पवित्र उत्सव के लिए हर साल दक्षिण भारत के कुंभकोणम से पंडित कृष्ण कुमार भट्टर के नेतृत्व में 12 विद्वान पंडित यहां आकर अनुष्ठान संपन्न करवाते हैं।

पवित्र उत्सव में गुरुवार को विश्वकसेन पूजन, भूमि पूजन, पवित्र माला पूजन के बाद शाम को विश्वकसेन की सवारी निकाली गई। शुक्रवार को सुबह रक्षा बंधन, पवित्र माला धारण कर यज्ञ शाला में भगवान का प्रवेश, यज्ञ के साथ सुबह शाम मन्दिर परिसर में भगवान की सवारी निकाली गई। शनिवार को भगवान का हवन हुआ। रविवार को अभिषेक के बाद पूर्णाहुति हुई। जिसके बाद भगवान को वापस मन्दिर में विराजित किया गया। 24 से 29 नवम्बर तक वेंकटेश्वर भगवान का तीसवां ब्रह्मोत्सव आयोजित होगा।

26 तपस्वियों और 11 वर्षीतप साधकों का सम्मानः चातुर्मास में आठ या अधिक तपस्या करने वाले साधक भी सम्मानित

जूम न्यूज ▶▶| नोखा

श्री साधुमार्गी जैन संघ ने हुक्म नानेश में तपस्या अभिनंदन समारोह आयोजित किया। इसमें 26 तपस्वियों और वर्षीतप करने वाले 11 साधकों का सम्मान किया गया। समारोह की अध्यक्षता संघ अध्यक्ष भींवराज कांकरिया ने की। संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी और वीर परिवार भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत महिला मंडल के मंगलाचरण से हुई। मंडल ने स्वागत गीत भी प्रस्तुत किया। मंत्री गौतम पारख ने स्वागत भाषण दिया। पूर्वी डागा और मानसी पारख ने पदाधिकारियों और सदस्यों का तिलक लगाकर स्वागत किया। महिला मंडल अध्यक्ष ममोलदेवी



बैद ने तपस्वियों को संघ का गौरव बताया और उनसे गुरुदेव की शिक्षाओं को अपनाने का निवेदन किया। उन्होंने तपस्वियों की सुख-साता पूछी और धन्यवाद दिया।

संघ मंत्री गौतम पारख ने चातुर्मास का प्रतिवेदन पेश कर संघ की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने सम्मानित होने वाले लोगों का परिचय और उनके योगदान के बारे में बताया। चातुर्मास में सहयोग के लिए उन्होंने संघ के सभी सदस्यों का धन्यवाद किया। उन्होंने श्रीमती धन्नीदेवी सेठिया धार्मिक भवन, पारख गेस्ट हाउस और हुक्म नानेश भवन से जुड़ी संस्थाओं का भी आभार जताया। आचार्य भगवन के आगामी चातुर्मास के लिए विनती की जानकारी दी और समता शाखा में उपस्थिति बढ़ाने का निवेदन किया। अभिनंदन पत्र का वाचन महेन्द्र भूरा ने किया। चातुर्मास के दौरान आठ या उससे अधिक की तपस्या करने वाले 26 तपस्वियों के साथ दो विशिष्ट तपस्या करने वाले साधकों का सम्मान किया गया। वर्षीतप करने वाले 11 तपस्वियों का भी अभिनंदन हुआ।

इनका भी किया सम्मान

चातुर्मास में चिकित्सा सेवाएं देने के लिए बागड़ी अस्पताल नोखा के सीएमएचओ डॉ. सुनील बोथरा और हड्डी रोग विशेषज्ञ पुनमचन्द लुणावत का सम्मान किया गया। संघ में विशेष सेवा के लिए युवारत्न विकास सुराणा और रेवंतमल पारख का अभिनंदन हुआ। संघ में लगातार सेवा देने के लिए ओमप्रकाश चैरड़िया, भीखाराम सैन, राजू मंडल और पुष्पा बाई सेवग का भी सम्मान किया गया। अंत में संघ अध्यक्ष भींवराज कांकरिया ने आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन अमिता संचेती और नम्रता संखलेचा ने किया।

डीएमएफटीः पीबीएम परिसर में 5.05 करोड़ से बनेगा अत्याधुनिक सेंट्रल ड्रग वेयर हाउस

जूम न्यूज ▶▶| बीकानेर

संभाग के सबसे बड़े पीबीएम अस्पताल में दवाओं के सुरक्षित और वैज्ञानिक भंडारण की राह आसान हो गई है। राज्य सरकार के वित्त विभाग ने डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) फंड के तहत पीबीएम चिकित्सालय परिसर में "सेंट्रल ड्रग वेयर हाउस'''' निर्माण के लिए 5 करोड़ 5 लाख रुपए की राशि व्यय करने की सहमति प्रदान कर दी है। यह नया और पूरी तरह आधुनिक वेयर हाउस जिरिएट्रिक अस्पताल के पीछे खाली पड़ी जमीन पर बनाया जाएगा। वर्तमान में पीबीएम में एसपी मेडिकल कॉलेज का केवल एक ही ड्रग वेयर हाउस है, जो आधुनिक मानकों के अनुरूप नहीं है। इसके अलावा कॉलेज के पास अपना खुद का कोल्ड स्टोरेज भी नहीं है और वह आरएमएससीएल के कोल्ड स्टोरेज पर निर्भर है। हालांकि अस्पताल परिसर में डायबिटिक सेंटर, जिरिएट्रिक अस्पताल, नई मेडिसिन विंग, गायनी और एसएसबी (सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक) में पांच सब-स्टोर संचालित हो रहे हैं, लेकिन एक केंद्रीय और मानक वेयर हाउस की लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इस प्रोजेक्ट को लेकर जिला कलेक्टर एवं डीएमएफटी प्रबंध समिति के अध्यक्ष की ओर से प्रस्ताव भेजा गया था, जिस पर वित्त (व्यय-3) विभाग के संयुक्त शासन सचिव देवेन्द्र अरोड़ा ने स्वीकृति पत्र जारी किया है। इस पत्र के बाद अब जल्द ही निर्माण प्रक्रिया आगे बढ़ने की उम्मीद है।

कोल्ड स्टोरेज और तापमान नियंत्रणः टीकों, इंसुलिन और बायोलॉजिक्स जैसी संवेदनशील दवाओं की कोल्ड चेन बनाए रखने के लिए 2°C से 8°C वाले कोल्ड रूम, फ्रीजर रूम, वातानुकूलित क्षेत्र और नमी नियंत्रक लगाए जाएंगे। अलग-अलग भंडारण जोन : दवाओं के व्यवस्थित प्रबंधन के लिए चार अलग जोन बनेंगे। जांच से पहले दवाओं के लिए 'क्वारंटाइन जोन', पास हुई दवाओं के लिए 'स्वीकृत स्टॉक जोन', खराब व एक्सपायर्ड दवाओं के लिए 'रिजेक्ट ज़ोन' और विशेष नियंत्रित दवाओं के लिए लॉक होने वाला 'प्रतिबंधित जोन'। बीकानेर में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

मां करणी की ओरण परिक्रमा शुरू, उमड़ी भीड़: चतुर्दशी पर 10 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान, दोनों रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरब्रिज बने; 24 घंटे दर्शन, सेवा शिविर, मेडिकल कैंप लगे





जूम न्यूज ▶▶| देशनोक

विश्वविख्यात मां करणी की पावन ओरण परिक्रमा रविवार सुबह श्रद्धा और उत्साह के साथ शुरू हुई। सुबह से ही देशभर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने परिक्रमा लगानी शुरू कर दी। दिन चढ़ने के साथ श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती गई और शाम होते-होते परिक्रमा मार्ग पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सोमवार को चतुर्दशी के अवसर पर 8 से 10 लाख श्रद्धालुओं के परिक्रमा लगाने का अनुमान है। संभावित भीड़ को देखते हुए मंदिर ट्रस्ट, पुलिस और प्रशासन की ओर से व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। इस बार परिक्रमा के दौरान श्रद्धालुओं को आवाजाही में कई सुविधाएं मिली हैं। परिक्रमा मार्ग पर आने वाली दोनों रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरब्रिज तैयार हो चुके हैं। इससे पूर्व श्रद्धालुओं को रेलवे क्रॉसिंग पार करनी पड़ती थी, लेकिन इस बार अंडरब्रिज बनने से आवाजाही अधिक सुगम हुआ है। इस बार ओरण परिक्रमा मार्ग के विकास कार्य में भी बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। मार्ग के कई हिस्सों में सड़क की चौड़ाई बढ़ाई गई है। पहले जहां सड़क करीब 25 फीट चौड़ी थी, वहीं अब कई स्थानों पर इसे बढ़ाकर 125 फीट तक किया गया है। परिक्रमा मार्ग को चौड़ा करने का कार्य अभी प्रक्रियाधीन है और 60 प्रतिशत से अधिक काम पूरा हो चुका है। आने वाले समय में पूरी परिक्रमा सड़क को 125 से 130 फीट तक चौड़ा करने की योजना है।

ब्रीफ न्यूज

जोधपुर में 7 विदेशी युवतियों समेत होटल संचालक गिरफ्तार



जूम न्यूज ▶▶| जोधपुर

जोधपुर के राजीव गांधी नगर थाना क्षेत्र में होटल ए वन पर पुलिस ने दबिश देकर 7 विदेशी युवतियों को बिना वैध वीजा और सी-फॉर्म के पकड़ा है। पुलिस ने मौके पर हंगामा करने वाले संचालक अनिल माहेश्वरी समेत 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। अनिल का नाम पूर्व में भी विदेशी महिलाओं से जुड़े मामलों में तीन बार आ चुका है। रविवार को राजीव गांधी नगर थाना पुलिस और सीएसटी टीम ने डाली बाई सर्कल के पास होटल ए वन में दबिश देकर आरोपियों को पकड़ा। मामले में संचालक अनिल माहेश्वरी पहले भी तीन बार पकड़ा जा चुका है। पिछले साल दिसंबर में सरदारपुरा पुलिस ने वन मोर स्पा सेंटर पर कार्रवाई की। पुलिस ने मौके से 10 थाईलैंड की युवतियों और एक नेपाल की युवती को शांति भंग में गिरफ्तार किया गया था। मौके से स्पा सेंटर संचालक अनिल माहेश्वरी फरार हो गया। पिछले साल 20 जनवरी को दबिश देकर अनिल माहेश्वरी को 9 विदेशी महिलाओं के साथ पकड़ा गया था, वहीं 9 नवंबर को पुलिस ने एक बार फिर कार्रवाई कर संचालक माहेश्वरी को 12 देसी और विदेशी महिलाओं के साथ पकड़ा था। इसके बावजूद आरोपी अवैध कामों में लगातार सक्रिय है।

स्कूटी सवार से 50 लाख की लूट में हवाला का शक

जूम न्यूज ▶▶| जोधपुर

जोधपुर की चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाना क्षेत्र में स्कूटी सवार को टक्कर मार कर 50 लाख रुपए ले जाने के मामले में पुलिस जल्द ही खुलासा कर सकती है। इस मामले में पुलिस ने स्कॉर्पियो से लेकर चोरी की बाइक और लूट की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों को चिन्हित कर लिया है। घटना 22 नवंबर को NCB ऑफिस के पास में हुई थी। इस पूरे मामले में लूट का शिकार हुआ पीड़ित पुलिस को बैंक से रुपए लाने की कहानी बता रहा है, लेकिन सूत्रों की माने तो संभवतः हवाला के भी यह पैसे हो सकते हैं। इन सभी को लेकर पुलिस अलग-अलग एंगल से जांच कर रही है। इसके साथ ही बड़ी रकम होने के चलते संबंधित एजेंसी को भी सूचित किया गया है। हालांकि पुलिस का कहना है कि पैसे बैंक के जरिए निकाले गए, लेकिन अभी तक पुलिस ने बैंक से इसका वेरिफिकेशन नहीं किया है। हमने पुलिस सूत्रों से बात की तो मामल हवाला से जुड़ा होने का भी संदेह है।

जोधपुर: बहुमत के बाद कांग्रेस नहीं बना पा रही प्रधान: ST वर्ग के लिए आरक्षित है पद; जीते प्रत्याशियों में पार्टी के पास एक भी नहीं

जूम न्यूज ▶▶| जोधपुर

जोधपुर जिले की बालेसर पंचायत समिति में कांग्रेस का पूर्ण बहुमत है। इसके बावजूद कांग्रेस के सामने प्रधान बनाने का संकट खड़ा हो रहा है। बालेसर पंचायत समिति का प्रधान पद एसटी ओपन कैटेगरी के लिए है, लेकिन एसटी वर्ग से कांग्रेस से कोई पंचायत समिति सदस्य नहीं चुना गया है। बता दें कि जोधपुर के बालेसर पंचायत समिति में रविवार को पुनर्मतदान हुआ है। इसमें कांग्रेस की आखिरी उम्मीद एसटी वर्ग का कैंडिडेट हार गया। यहां बीजेपी के पास तीन एसटी वर्ग के सदस्य हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि कांग्रेस को अपना प्रधान बनाने के लिए इनमें से ही किसी सदस्य को अपने पाले में लाना होगा। बालेसर पंचायत समिति में 15 वार्डों में से 9 में कांग्रेस जीती है। भाजपा 6 वार्ड में जीती है। सूत्रों के अनुसार- भाजपा से जीते दो कैंडिडेट कांग्रेस के संपर्क में हैं। ऐसे में कांग्रेस इनमें से ही किसी को प्रधान पद का उम्मीदवार बना सकती है।

बालेसर पंचायत समिति में वार्ड 3 के बूथ 15 और वार्ड 10 के बूथ 63 पर रविवार को पुनर्मतदान किया गया। दोनों बूथ ग्राम पंचायत चिड़वाई और देवनगर में हैं। मतदान के बाद रात नौ बजे काउंटिंग के बाद चुनाव परिणाम जारी किए गए। वार्ड 10 से भाजपा प्रत्याशी रमेश भील 96 मतों से जीत गए। रमेश को 931 वोट मिले, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी धनाराम को 835 वोट



मिले। वहीं इस पंचायत समिति में बीजेपी से दो एसटी वर्ग के कैंडिडेट सामान्य सीटों से चुनकर आए हैं। वहीं वार्ड नंबर 3 में कांग्रेस प्रत्याशी इंदिरा देवी ने 115 मतों से से जीत दर्ज की है। इंद्रा को 1249 वोट मिले, जबकि बीजेपी की तारादेवी को 1134 वोट मिले हैं।

बालेसर पंचायत समिति में 81.21% मतदान

बालेसर में दोनों बूथों पर 81.21 प्रतिशत मतदान हुआ। दोनों केंद्रों पर कुल 1836 पंजीकृत मतदाताओं में से 1491 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। बालेसर पुलिस उपाधीक्षक राजेंद्र सिंह उज्ज्वल और थाना प्रभारी भंवरलाल जेवलिया पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। एसडीएम सुमन राठौड़ और तहसीलदार रमेश कुमार भी मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मतदान केंद्रवार आंकड़ों के मुताबिक- वार्ड संख्या 3 के बूथ संख्या 15 पर कुल 821 मतदाताओं में से 724 मत पड़े, जहां 88.19 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं वार्ड संख्या 10 के बूथ संख्या 63 पर कुल 1015 मतदाताओं में से 767 मतदाताओं ने मतदान किया और यहां 75.57 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। वहीं बालेसर पंचायत समिति में 22 अक्टूबर को मतदान में 60.66 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था।

ईवीएम में आई थी तकनीकी खराबी

राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जारी आदेशों के अनुसार- पंचायत समिति बालेसर के निर्वाचन क्षेत्र संख्या 3 के बूथ संख्या 15 और निर्वाचन क्षेत्र संख्या 10 के बूथ संख्या 63 पर 20 नवंबर को निर्धारित मतगणना के दौरान ईवीएम में तकनीकी खराबी के कारण संबंधित सदस्य पदों के परिणाम जारी नहीं हो सके थे। इसके बाद रिपोर्ट के आधार पर पाया गया कि तकनीकी खराबी के चलते रिजल्ट नहीं दिखा। साथ ही मतों की संख्या निकटकम प्रतिद्वंदी दावेदार के वोटों के अंतर से ज्यादा आई।

हाईकोर्ट ने पुलिसकर्मियों को मिली राहत रद्द की

जूम न्यूज ▶▶| जोधपुर

राजस्थान हाईकोर्ट ने बीकानेर के एक पुराने मामले में पुलिसकर्मियों को मिली राहत रद्द कर दी। कोर्ट ने सेशन कोर्ट का आदेश पलटते हुए मजिस्ट्रेट का प्रसंज्ञान आदेश बहाल किया।पुलिसकर्मियों पर वारंट तामील करने घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप है।

जस्टिस फरजंद अली की बेंच ने कहा कि गिरफ्तारी या वारंट तामील करने की शक्ति पुलिस को नागरिकों पर हिंसा करने का अधिकार नहीं देती। कोर्ट ने कहा कि सरकारी ड्यूटी के नाम पर पद का दुरुपयोग या अनावश्यक हिंसा नहीं की जा सकती।

परिवाद के मुताबिक, पुलिसकर्मी बीकानेर निवासी गंगा सिंह के घर उनके भाई दुर्गा सिंह के बारे में पूछताछ करने पहुंचे थे। दुर्गा सिंह घर पर नहीं थे। पूछताछ के मकसद पर सवाल करने पर पुलिसकर्मियों ने कथित तौर पर गंगा सिंह से मारपीट की। आरोप है कि बेटे को बचाने आईं उनकी मां नैन कंवर के मुंह पर भूपेंद्र सिंह ने डंडे से वार किया। इससे उनका एक दांत टूट गया और खून बहने लगा। अन्य पुलिसकर्मियों पर भी उनके हाथ काटने और मारपीट करने के आरोप हैं।

परिवाद में गंगा सिंह को जबरन थाने ले जाने, वहां फिर पीटने और कोरे कागजों पर दस्तखत कराने का आरोप भी लगाया गया। मजिस्ट्रेट कोर्ट ने शुरुआती जांच के बाद 17 अप्रैल 2010 को आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 452, 323, 325 और 120-बी में प्रसंज्ञान लिया था। सेशन कोर्ट ने 7 अक्टूबर 2013 को धारा 197 सीआरपीसी के तहत अभियोजन की मंजूरी न होने के आधार पर पुलिसकर्मियों को आरोपों से मुक्त कर दिया था। हाईकोर्ट ने यह आदेश रद्द कर दिया।

जालोर में आवारा कुत्तों के हमले में 15 घायल

जूम न्यूज ▶▶| जालोर

शहर में आवारा कुत्तों के हमले बढ़ते जा रहे हैं। रविवार को अलग-अलग इलाकों में कुत्तों के काटने से करीब 15 लोग घायल हो गए। इनमें 10 साल तक की उम्र के 11 बच्चे शामिल हैं। सभी घायलों को उपचार के लिए राजकीय अस्पताल लाया गया, जहां उन्हें रेबीज के इंजेक्शन लगाने के साथ प्राथमिक उपचार दिया गया। एक बच्ची को कुत्ते ने कई जगह काटकर लहूलुहान कर दिया। लगातार सामने आ रहे हमलों से शहरवासियों में डर बना हुआ है।

रविवार को तासखाना बावड़ी, बाईपास रोड, राजेंद्र नगर और सूरजपोल के बाहर कुत्तों ने लोगों पर हमला किया। इनमें कई छोटे बच्चे भी घायल हुए। एक बच्ची को कुत्ते ने कई जगह काट लिया, जिससे वह लहूलुहान हो गई। अचानक इतनी बड़ी संख्या में कुत्तों के काटने के मामले सामने आने से लोगों में दहशत का माहौल है।

भीनमाल: लूट के इरादे से आए बदमाश से भिड़ गया बुजुर्ग, ग्रामीणों ने पकड़ा

मुरकियां लूटने के लिए किया हमला, दोनो कान फटे; सिर पर पत्थर मारा

जूम न्यूज ▶▶| भीनमाल



भीनमाल के पास चाटवाड़ा गांव के बालवडा नाडा में रविवार शाम बुजुर्ग के साथ लूट की सनसनीखेज वारदात सामने आई। एक युवक ने बुजुर्ग के कानों से सोने की मुरकियां लूटने के लिए उन पर हमला कर दिया। इस दौरान उनके दोनों कान फट गए। आरोपी ने सिर पर पत्थर से भी वार किया, जिससे बुजुर्ग घायल हो गए। हालांकि, बुजुर्ग ने हिम्मत दिखाते हुए आरोपी को पकड़ लिया। बाद में मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने भी मदद करते हुए उसे दबोच लिया।

करड़ा थानाधिकारी शिवराज सिंह ने बताया- चाटवाड़ा निवासी केसाराम चौधरी रविवार को नवनिर्वाचित सरपंच के घर आयोजित सम्मेलन में शामिल होने के बाद शाम करीब 5 बजे अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान मध्यप्रदेश निवासी एक युवक उनका पीछा करते हुए आया और रास्ते में एक ढाणी का पता पूछने लगा। केसाराम ने उसे रास्ता बता दिया, लेकिन युवक इसके बाद भी उनका पीछा करता रहा। कुछ दूरी पर पहुंचने के बाद आरोपी ने पीछे से बुजुर्ग को पकड़ लिया और उनके कानों में पहनी सोने की मुरकियां खींच लीं। अचानक हुए हमले में उनके दोनों कान फट गए। इसके बाद आरोपी ने उनके सिर पर पत्थर से वार कर दिया, जिससे वे घायल हो गए। हमले के बावजूद केसाराम ने हिम्मत नहीं हारी और आरोपी को पकड़कर शोर मचा दिया। आवाज सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे।

उन्होंने बुजुर्ग की मदद करते हुए आरोपी को पकड़ लिया। इसके बाद करड़ा पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसकी मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। करड़ा थानाधिकारी शिवराज सिंह ने बताया कि मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है।

हेलिकॉप्टर से आए दूल्हा-दुल्हन, स्वागत करने उमड़ा गांव: वकील बोले- घर में बेटी नहीं थी, अब कमी भी पूरी हो गई

जूम न्यूज ▶▶| बाड़मेर

बाड़मेर जिले के रहने वाले वकील अपने पिता की इच्छा पूरी करने के लिए बहू को हेलिकॉप्टर से गांव लाए। हेलिकॉप्टर उतरा तो पूरा गांव दूल्हा-दुल्हन का स्वागत करने उमड़ पड़ा। बैंड-बाजे, नाच-गाने और मंगल गीतों के साथ स्वागत किया गया। वकील के पिता की इच्छा थी कि पोते की बहू पहली बार ससुराल आए तो हेलिकॉप्टर में आए। 21 नवंबर को बड़े बेटे की शादी की बाद दुल्हन की विदाई करवाकर हेलिकॉप्टर से गांव लाए। पहली बार हेलिकॉप्टर में बैठी दुल्हन के लिए भी यह यादगार सफर था। वकील ने कहा- हमारे परिवार में बेटी नहीं थी। बहू के आने से अब वो कमी भी पूरी हो गई है। हमने बहू को ही बेटी की तरह मानने का फैसला किया है।

बाड़मेर जिले के लंगेरा गांव निवासी वकील और प्रॉपर्टी डीलर रूघसिंह के बड़े बेटे जसवंत सिंह की शादी बालोतरा जिले के जेठंतरी गांव निवासी किसान शंभूसिंह की बेटी सुमित्रा कंवर (20)



से तय हुई थी। तय कार्यक्रम के अनुसार 21 नवंबर को जसवंत सिंह बारात लेकर जेठंतरी गांव पहुंचे और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह संपन्न हुआ।

शादी के बाद हेलिकॉप्टर में हुई दुल्हन की विदाई

विवाह की रस्में पूरी होने के बाद जब विदाई की घड़ी आई तो परिवार ने दुल्हन को हेलिकॉप्टर से घर लाने का इंतजाम किया। बाड़मेर जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर लंगेरा गांव में हेलिकॉप्टर उतरा तो दूल्हा-दुल्हन का भव्य स्वागत किया गया। हेलिकॉप्टर की लैंडिंग देखने के लिए गांव में भीड़ जमा हो गई थी। किसी भी तरह की अनहोनी को रोकने और बच्चों को दूर रखने के लिए चारों ओर लकड़ी की मजबूत बैरिकेडिंग की गई थी। दूल्हे की दादी दरिया कंवर ने बताया- जसवंत के दादा सवाई सिंह राजगुरु ने इच्छा जताई थी कि उनके पोते की शादी के बाद बहू हेलिकॉप्टर से ससुराल आए। उनके स्वर्गवास को 14 साल बीत चुके हैं। अब बेटे रूघ सिंह ने उनके अधूरी इच्छा को पूरा किया है। शादी के खुशियों के बीच इस बात को लेकर भी खुशी है।

दूल्हे के पिता रूघसिंह ने बताया- घर में तीन बेटे जसवंत, मेघराज और प्रेम सिंह हैं, लेकिन घर में कोई बेटी नहीं है। परिवार को हमेशा बेटी की कमी महसूस होती थी। इसी वजह से हमने तय किया था कि पिता सवाई सिंह की इच्छा को पूरा करेंगे। साथ ही बहू सुमित्रा को बेटी की तरह रखेंगे और उसे बेटों से भी ज्यादा प्यार देंगे। परिवार ने हेलिकॉप्टर से विदाई की बात दुल्हन से छिपाकर रखी थी। पहली बार हेलिकॉप्टर में बैठकर ससुराल पहुंची सुमित्रा ने इसे अपने जीवन का सबसे यादगार सरप्राइज बताया।

ट्रक ने मारी बाइक को टक्कर, एक की मौत: दूसरा गंभीर घायल

जूम न्यूज ▶▶| पाली

गुड़ा एंदला थाना क्षेत्र में बालराई पुलिया के पास रविवार शाम ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों बीकानेर जिले के चारण्डा नोखा गांव के रहने वाले थे। घायल को इलाज के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। हादसे के बाद पुलिस ने मृतक का शव गुंदोज हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया और जांच शुरू की।

पुलिस के अनुसार, रविवार शाम गुड़ा एंदला थाना क्षेत्र में बालराई पुलिया के पास ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में चारण्डा नोखा (बीकानेर) निवासी भोमाराम (22) पुत्र अम्माराम की मौत हो गई। वहीं, इसी गांव के भीयाराम (25) पुत्र उदाराम गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

पाली: सड़क किनारे ढाबे में घुसा ट्रेलर, ट्रक पलटा: ड्राइवर घायल



जूम न्यूज ▶▶| पाली

पाली में रविवार रात ओवरटेक के चक्कर में दो भारी वाहनों का हादसा हो गया। एक ट्रेलर सड़क किनारे ढाबे में घुस गया, जबकि दूसरा ट्रक असंतुलित होकर पलट गया। हादसे में ट्रेलर चालक घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। गनीमत रही कि हादसे के समय ढाबे में ग्राहक नहीं थे, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। दुर्घटना के चलते सड़क पर जाम लग गया, जिसे खुलवाने में पुलिस को रात 10 बजे तक मशक्कत करनी पड़ी।

सदर थाने के ASI तेजाराम ने बताया कि रविवार रात करीब 8 बजे रामासिया के पास हादसे की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर एक ट्रक पलटा हुआ मिला, जबकि उसका ड्राइवर वहां नहीं था। दूसरा ट्रेलर सड़क किनारे ढाबे के पास मिला। ट्रेलर के पलटने से उसमें भरी लकड़ी की प्लाई सड़क पर बिखर गई थी। मौके पर ट्रेलर चालक नरसी मीणा (34) पुत्र रामाकिशन घायल हालत में मिला। उसे एम्बुलेंस से इलाज के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल भेजा गया। हादसे के बाद सड़क पर जाम लग गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाया। इसमें रात करीब 10 बजे तक समय लगा। दोनों वाहन सुमेरपुर से पाली की तरफ आ रहे थे।

रूस यूक्रेन की जंग में पोलैंड को नुकसान

पोलैंड में अचानक जा गिरीं दो मिसाइलें नाटो ने हवाई क्षेत्र का उल्लंघन भी माना

एजेंसी ▶▶ वॉर्षा

रूस-यूक्रेन जंग अब यूरोप के दूसरे देशों की सुरक्षा के लिए भी खतरा बनती जा रही है। वजह ये है कि हाल ही में दो मिसाइलें और एक जेट इंजन वाला ड्रोन पोलैंड के हवाई क्षेत्र में दाखिल हुए और देश के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में गिरे। नाटो ने भी इसे पोलैंड के हवाई क्षेत्र का गंभीर उल्लंघन माना है। यह घटना ऐसे समय हुई है, जब रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध तेज हो रहा है। रूस ने यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर



मिसाइल और ड्रोन हमले किए थे। पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने इस घटना को रूस की जानबूझकर की गई उकसावे वाली कार्रवाई बताया। उन्होंने कहा कि यह घटना ऐसे समय हुई, जब पोलैंड में यूरोपीय देशों का सैन्य अभ्यास चल रहा था।

रूस पर शक

रूस पर आशंका जाहिर करते हुए यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की का कहना है कि रूस ने इस हमले में 400 से ज्यादा ड्रोन और 110 से अधिक मिसाइलें दागीं। इसी दौरान रूस की दो मिसाइलें और एक संदिग्ध जेट इंजन वाला ड्रोन पोलैंड में पहुंच गए। ये सभी यूक्रेन की सीमा के पास दक्षिण-पूर्वी पोलैंड में गिरे।

यूक्रेन ने कोई टिप्पणी नहीं की

रूसी जहाज पर बाल्टिक सागर में ड्रोन से हमला, रातभर धधकती रही आग

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस के एक मालवाहक जहाज पर फिनलैंड की खाड़ी के पूर्वी हिस्से में ड्रोन से हमला हुआ है। शनिवार सुबह हुए इस हमले के बाद जहाज स्पार्टा 2 में आग लग गई। फिनलैंड के रक्षा बलों ने कहा कि इस हमले के पीछे यूक्रेन का हाथ होने की संभावना है। यूक्रेन की ओर से अभी तक कोई टिप्पणी नहीं आई है। इस हमले में दो ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था। जहाज पर हमले के बाद चालक दल को सुरक्षित बाहर



निकाल लिया गया है। हमले के बाद क्षतिग्रस्त जहाज बहते हुए फिनलैंड की जलसीमा में पहुंच गया, फिनलैंड के अधिकारियों ने बचाव अभियान चलाया। स्पार्टा 2 जहाज के 16 सदस्यीय चालक दल ने लाइफबोट की मदद से जहाज छोड़ा और दूसरे रूसी जहाज पर सवार हो गए।

यूक्रेन पर हमले का शक

फिनलैंड के सशस्त्र बलों के प्रवक्ता अर्को-मौरी हुतिनेन ने कहा है कि इस हमले के पीछे यूक्रेन का हाथ होने की संभावना है। हालांकि यह साफ नहीं है कि जहाज को क्यों निशाना बनाया गया। यह जहाज रूस के कलिनिनग्राद की ओर जा रहा था।

संपत्ति को हुआ भारी नुकसान

जेलेंस्की के गृह नगर पर रूस का मिसाइल और रॉकेटों से हुआ हमला

एजेंसी ▶▶ कीव

रूस ने शनिवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के गृह नगर क्रिवीरीह पर मिसाइलों और राकेटों से हमला किया। हमले में 8 लोग मारे गए और 60 लोग घायल हुए हैं। संपत्ति का भी नुकसान हुआ है। इसी दौरान खारकीव पर हुए रूसी ड्रोन हमले में 11 लोग घायल हुए हैं। इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस को क्रीमिया से जोड़ने वाले कर्च ब्रिज पर हमलों को उचित बताया है।



कहा, रूस युद्ध के दौरान यूक्रेन के पुलों पर 109 बार हमले कर चुका है, इसलिए यूक्रेन के हमले को गंभीरता से नहीं लेना चाहिए। चीन में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा रूसी राष्ट्रपति पुतिन को मित्र बताए जाने पर जेलेंस्की ने कहा, पुतिन हमारे लिए दुश्मन हैं।

हमले में 8 की मौत, 60 घायल

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के गृह नगर क्रिवीरीह पर रूसी मिसाइल और रॉकेट हमले में 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 60 घायल हैं। रूसी ड्रोन हमले में 11 लोग घायल हुए। दूसरी ओर, यूक्रेन के ड्रोन हमलों में रूस के खियरस्क और क्षेत्रों में तीन लोग घायल हुए।

खबर संक्षेप

अवामी लीग नेताओं के घरों पर हमला, 30 मकान फूंके

ढाका। बांग्लादेश के नरैल जिले में अवामी लीग नेताओं और कार्यकर्ताओं के घरों पर हमले कर



करीब 30 मकानों में आग लगा दी गई। बेंदरचर गांव में आधी रात तक तोड़फोड़, लूटपाट और आगजनी हुई। हमले में पूर्व सांसद बीएम कबीरुल हक मुक्ति, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मुशफिकुर रहमान लिटन समेत कई नेताओं की संपत्तियों को निशाना बनाया गया। स्थानीय लोगों ने सत्ताधारी बीएनपी समर्थकों पर हमले का आरोप लगाया, जबकि पार्टी ने आरोपों को खारिज किया है। हिंसा पर फिलहाल लगाम नहीं है।

भारतवंशी बैंस लिबरल पार्टी के नेता चुने गए

टोरंटो। भारतीय मूल के पूर्व कनाडाई मंत्री नवदीप बैंस को ओंटारियो में लिबरल पार्टी का नया



नेता चुना गया है। उन्होंने अगले चुनाव के लिए पार्टी को तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करने का वादा किया है। 49 वर्षीय बैंस को पार्टी के नेतृत्व सम्मेलन में तीसरे और अंतिम दौर के मतदान में 50.3 प्रतिशत वोट मिले। देवियों और सज्जनों, यह भले ही नेतृत्व की दौड़ का अंत हो, लेकिन डग फोर्ड और ओंटारियो की (प्रोग्रेसिव) कंजर्वेटिव पार्टी को सत्ता से हटाने के हमारे अभियान की यह महज शुरुआत है।

भारतीय मूल का युवक टेक्सास में हिरासत में

ह्यूस्टन। अमेरिका के टेक्सास में भारतीय मूल के 29 वर्षीय रघुल आनंदकृष्णन को आव्रजन



अधिकारियों ने हिरासत में लिया है। वह महिला की निजी तस्वीरें बिना अनुमति अपने फोन में ट्रांसफर करने के प्रयास के मामले में दोषी ठहराया गया था। आनंदकृष्णन टेक्सास के टोटल वायरलेस स्टोर में काम करता था। आरोप है कि उसने ग्राहक के फोन से एयरड्रॉप के जरिए दो निजी तस्वीरें अपने मोबाइल में भेजीं और उसका स्नैपचैट खाता भी खोला। जून में गिरफ्तार होने के बाद उसे सजा हुई थी।

पीएम मोदी के आमंत्रण पर दो दिनी यात्रा पर भारत पहुंचे नेपाल पीएम बालेन शाह

जयशंकर से मिले बालेन नीदरलैंड के विदेश मंत्री



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉक्टर एस. जयशंकर से रविवार शाम नेपाल के प्रधानमंत्री शाह ने मुलाकात की। डॉ. जयशंकर ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि नेपाल के साथ अपनी विशेष मित्रता को भारत बहुत महत्व देता है। शाह रविवार दोपहर दो दिन के भारत दौरे पर नई दिल्ली पहुंचे। यह उनका पहला भारत दौरा है।

सोमवार को राष्ट्रपति भवन में शाह का औपचारिक स्वागत किया जाएगा। वे राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देंगे। इसके बाद वार्ता में पीएम मोदी और बालेन भारत-नेपाल संबंधों की समग्र समीक्षा करेंगे और आपसी हित के मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे। दोनों प्रधानमंत्री पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे और कुछ नई परियोजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। दोनों देशों के बीच कई क्षेत्रों में समझौते होने की भी संभावना है। वहीं दूसरी तरफ विदेश मंत्री सुब्रमण्यम जयशंकर नीदरलैंड्स के विदेश मंत्री टॉम बेरेंडसन से नई दिल्ली में बातचीत की हैं।



साझेदारी पर हुआ मंथन

डॉक्टर जयशंकर ने कहा कि भारत और नीदरलैंड ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ा दिया है और दोनों देशों द्वारा तैयार खाका आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि श्री टॉम के साथ आज की चर्चा में जल, स्वास्थ्य, कृषि, रक्षा, प्रौद्योगिकी, सेमीकंडक्टर और नवीकरणीय ऊर्जा पर विमर्श होगा। डॉक्टर जयशंकर ने कहा कि वर्ष 2027 भारत-नीदरलैंड्स राजनयिक संबंधों की 80वीं वर्षगांठ होगी। बेरेंडसन दो दिन के भारत दौरे पर रविवार दोपहर नई दिल्ली पहुंचे। वे सोमवार को केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात करेंगे।

बिजली, व्यापार और हवाई संपर्क को लेकर होगी चर्चा

इसमें बुनियादी ढांचे के विकास, पुनर्निर्माण-पुनर्वास पर चर्चा होगी | भारत से 2 अरब डॉलर से अधिक की मदद चाहता है नेपाल



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह प्रधानमंत्री बनने के बाद अपने पहले भारत दौरे पर रविवार को दिल्ली पहुंचे। एयरपोर्ट पर केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसादन ने उन्हे रिसीव किया। शाह ने विदेश यात्रा के लिए उन्होंने सबसे पहले भारत को चुना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर हो रही इस दो दिवसीय यात्रा में दोनों देशों के पुराने संबंधों को आगे बढ़ाने के साथ आर्थिक सहयोग, विकास, ऊर्जा और कनेक्टिविटी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी।

नेपाल की भारत से 2 अरब डॉलर से अधिक की आर्थिक सहायता मांग इस दौरे का प्रमुख एजेंडा मानी जा रही है। नेपाल बुनियादी ढांचे के विकास, पुनर्निर्माण और पुनर्वास के लिए भारत से 2 अरब डॉलर से अधिक की मदद चाहता है। इसमें 1 अरब डॉलर का रियायती कर्ज, 500 मिलियन डॉलर का अनुदान और 500 मिलियन डॉलर पुनर्निर्माण एवं पुनर्वास के लिए शामिल हैं। इसके अलावा नेपाल अपने विमानों के लिए भारतीय हवाई क्षेत्र में एक अतिरिक्त मार्ग चाहता है, जिससे हवाई संपर्क बेहतर हो सके। हालांकि, इस मांग पर अभी दोनों देशों के बीच सहमति नहीं बनी है। भारत और नेपाल के बीच व्यापार, बिजली, पानी और सड़क संपर्क को लेकर लंबे समय से सहयोग होता रहा है।

नवंबर 1991 में नेपाल के तत्कालीन प्रधानमंत्री गिरिजा प्रसाद कोइराला की भारत यात्रा के दौरान व्यापार और पारगमन संबंधी समझौते हुए थे। इसके बाद 1996 में शेर बहादुर देउबा की भारत यात्रा के दौरान महाकाली संधि पर हस्ताक्षर हुए। समय के साथ दोनों देशों के बीच सुरक्षा, सीमा विवाद, बाढ़ नियंत्रण और विकास जैसे मुद्दे भी वार्ता का हिस्सा बने। बालेन शाह की इस यात्रा में इन्हीं पुराने समझौतों और सहयोग को आगे बढ़ाने के साथ आर्थिक मदद, ऊर्जा, व्यापार, तकनीक और कनेक्टिविटी पर नए सिरे से बातचीत होगी। खास तौर पर नेपाल की 2 अरब डॉलर से अधिक की सहायता मांग और अतिरिक्त हवाई मार्ग के प्रस्ताव पर होने वाली चर्चा महत्वपूर्ण रहेगी।

पीएम मोदी से आज मिलेंगे शाह

नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह आज सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इस दौरान दोनों नेता भारत-नेपाल संबंधों की समीक्षा करने के साथ क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। दोपहर 12:25 बजे हैदराबाद हाउस में दोनों देशों के बीच समझौता ज्ञापनों



(एमओयू) का आदान-प्रदान होगा और संयुक्त प्रेस वक्तव्य जारी किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 3:15 बजे बालेन शाह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात करेंगे। शाम 4:50 बजे उनका भारत दौरा समाप्त होगा।

धरती बचाने 200 देशों में ठनी

कोयला-तेल छोड़ने के सवाल पर अटका जलवायु समझौता



नए जलवायु समझौते के मसौदे से जीवाश्म ईंधन का उल्लेख हटाने विवाद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तुर्किये के अंताल्या में जलवायु परिवर्तन पर आयोजित कॉप-31 सम्मेलन में करीब 200 देश जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल को लेकर साझा सहमति नहीं बना सके। सम्मेलन के अंतिम दिन नए जलवायु समझौते के मसौदे से कोयला, तेल और गैस का उल्लेख हटाए जाने पर कई देशों ने नाराजगी जताई।

जलवायु परिवर्तन के खिलाफ वैश्विक प्रयासों के बीच जीवाश्म ईंधन का मुद्दा कॉप-31 में सबसे बड़ी बाधा बनकर सामने आया है। सम्मेलन के अंतिम दिन भी करीब 200 देश कोयला, तेल और गैस के इस्तेमाल को लेकर किसी साझा सहमति पर नहीं पहुंच सके।

ऊर्जा बदलाव में रोजगार की भी चिंता

सम्मेलन में स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ते समय मजदूरों और गरीब परिवारों के हितों की रक्षा का मुद्दा भी नहीं सुलझ सका। पिछले साल सहमति से तय किए गए जस्ट ट्रांजिशन मैकेनिज्म को आगे बढ़ाने पर प्रगति नहीं हुई। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोयला और दूसरे पारंपरिक ऊर्जा उद्योगों से जुड़े लोगों की रोजी-रोटी प्रभावित न हो और ऊर्जा परिवर्तन का बोझ कमजोर समुदायों पर न पड़े।

बदलाव पर भड़के कई देश

सम्मेलन में देश उस समय भड़के, जब नए जलवायु समझौते के मसौदे से जीवाश्म ईंधन का उल्लेख हटा दिया गया। इस बदलाव पर कई देशों ने कड़ी नाराजगी जताई। उनका मानना है कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने का मुद्दा समझौते का महत्वपूर्ण हिस्सा होना चाहिए।

9 अरब डॉलर का डेटा सेंटर बनाया

हुआंग की चीनी गर्लफ्रेंड के दोस्त ने चिप तस्करी की

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

एनवीडिया के पूर्व सीईओ जेनसन हुआंग की गर्लफ्रेंड एलिस हुआंग का कारोबारी दोस्त ली मिंग चीन को प्रतिबंधित एआई चिप्स पहुंचा रहा था। रिपोर्ट के मुताबिक, वह एनवीडिया के चिप्स लगे कंप्यूटर सर्वर पहले मलेशिया भेजता था। इसके बाद इन्हें चीन पहुंचाया जाता था। इस काम में ली मिंग अकेला नहीं था। वह एलिस हुआंग और उनके पति कांग वेई के साथ मिलकर कई देशों में कंपनियां



चला रहा था। इन कंपनियों के जरिए चीन की कंपनियों को एडवांस एआई चिप्स मुहैया कराने का रास्ता बनाया गया था। वहीं, कांग वेई चीन में बड़े डेटा सेंटर बना रहे थे। 2021 से 2024 के बीच उनके नेटवर्क से जुड़े डेटा सेंटर प्रोजेक्ट में 9 अरब डॉलर (करीब 83 हजार करोड़ रुपए) लगाने की योजना थी। यानी एलिस चिप्स हासिल करने के नेटवर्क से जुड़ी थीं, उनके पति चीन में डेटा सेंटर बना रहे थे और ली मिंग दोनों के बीच कड़ी का काम कर रहा था।

होर्मुज खोलने को तैयार ईरान

समझौते की रखी शर्त, कहा प्रतिबंध हटाएं तब बनेगी बात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान अमेरिका के साथ 'न युद्ध, न शांति' की मौजूदा स्थिति खत्म करने और बातचीत के जरिए समझौता करने को तैयार है। ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा कि तेहरान सम्मानजनक समझौता चाहता है और होर्मुजजलडमरूमध्य खोलने का प्रस्ताव भी विचाराधीन है। इसके लिए दो दिन की योजना पेश की गई है। पहले दिन अमेरिका प्रतिबंध हटाकर अपनी प्रतिबद्धताएं



पूरी करे और दूसरे दिन ईरान होर्मुज खोलकर बातचीत शुरू करे। ईरान का कहना है कि वह ऐसा समझौता नहीं करेगा, जिससे उसकी राष्ट्रीय गरिमा और युद्ध के मैदान में हासिल बढ़त कमजोर हो। अराघची के मुताबिक, स्थायी शांति के लिए अमेरिका को भरोसा बहाली के कदम उठाने होंगे। क्षेत्र में शांति तभी संभव है, जब सभी देशों को समान रूप से विकास का अवसर मिले और किसी को प्रतिबंधों व आर्थिक दबाव में न रखा जाए।

भारत में 22 अनुसूचित भाषाओं को संवैधानिक मान्यता

पीएम मोदी से जुड़ा किस्सा सुनाया

यह तो अद्भुत है, भारत की भाषाई और सांस्कृतिक विविधता के मुरीद हुए पुतिन

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन समय-समय पर भारत की संस्कृति और विविधता की तारीफ करते रहे हैं। बीते दिनों भी पुतिन ने एक इंटरव्यू में भारत भाषाई और सांस्कृतिक विविधता की जमकर तारीख की।



रूसी राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई अपनी एक बातचीत का जिक्र करते हुए भारत की भाषाई विविधता की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि यह देखकर हैरानी होती है कि भारत में आधी से ज्यादा आबादी अपनी-अपनी भाषाएं बोलती है। स्पुतनिक की रिपोर्ट के मुताबिक, इंटरव्यू में पुतिन ने कहा कि उदाहरण के लिए भारतीय सभ्यता को ही लीजिए... यह सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक है। यह बेहद दिलचस्प है। मैं इसके बारे में जितना ज्यादा जानता हूं, उतना ही इससे आकर्षित होता जाता हूं। इस दौरान पुतिन ने पीएम मोदी से जुड़ा से एक किस्सा भी सुनाया।

60 करोड़ की एक ही भाषा

पुतिन ने बताया कि उन्होंने हाल ही में पीएम मोदी से बातचीत के दौरान पूछा था कि भारत में कितने लोग आधिकारिक भाषा बोलते हैं। पुतिन के अनुसार, पीएम मोदी ने जवाब दिया था कि लगभग 60 करोड़ लोग। इस पर पुतिन ने देश की कुल आबादी के बारे में पूछा, तो पीएम मोदी ने बताया कि यह डेढ़ अरब के करीब है। गौरतलब है कि पुतिन के इस इंटरव्यू का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

कंपनी ने बताया मनोरंजन जगत की सबसे बड़ी लॉन्चिंग

वीडियो गेम की दुनिया में क्रांति

जीटीए-6 ने पहले दिन कमाए 35 हजार करोड़, फिल्मों के रिकॉर्ड भी पीछे छूटे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वीडियो गेम की दुनिया में ग्रैंड थेफ्ट ऑटो (जीटीए) की लोकप्रियता ने एक बार फिर नया रिकॉर्ड बनाने का दावा किया है। रॉकस्टार गेम्स के नए गेम जीटीए-6 ने प्री-ऑर्डर और लॉन्च के पहले दिन की बिक्री से 3.79 अरब डॉलर यानी करीब 35,126 करोड़ रुपए की कमाई की है।

यह आंकड़ा मनोरंजन जगत की कई बड़ी फिल्मों के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन से भी अधिक है। गेम की पैरेंट कंपनी टेक-टू इंटरएक्टिव के मुताबिक, जीटीए-6 ने मनोरंजन



जगत में अब तक की सबसे बड़ी लॉन्चिंग दर्ज की है। हालांकि, कंपनी ने पहले दिन बिकने वाली गेम की कुल प्रतियों की संख्या सार्वजनिक नहीं की है। जीटीए-6 की कथित कमाई ने कई चर्चित हॉलीवुड फिल्मों के कारोबार को पीछे छोड़ दिया है।

2.52 अरब डॉलर का कारोबार

रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म स्पाइडर-मैन: हांड ज्यू डे ने दुनियाभर में 2.52 अरब डॉलर का कारोबार किया। जबकि क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म द ओडिसी की कमाई 1.8 अरब डॉलर से अधिक रही। जीटीए-6 की लॉन्चिंग से हुई कमाई एवेंजर्स: एंडगेम के करीब 2.9 अरब डॉलर के वैश्विक बॉक्स ऑफिस कलेक्शन से भी ज्यादा बताई गई है। अवतार की फिल्मों से ज्यादा कमाई रही है।

महंगाई, युद्ध और बेरोजगारी के खिलाफ यूरोप में भड़का गुस्सा

शिक्षा बजट में कटौती, सैन्य खर्च बढ़ाने और जलवायु संकट पर सरकारों को घेरा

एजेंसी ▶▶ पेरिस

महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा बजट में कटौती और बढ़ते सैन्य खर्च के खिलाफ शुक्रवार को यूरोप के 25 से अधिक देशों में हजारों युवा और श्रमिक सड़कों पर उतर आए। जेन-जी (युवा पीढ़ी) के नेतृत्व में हुए इस आंदोलन में ब्रिटेन, फ्रांस, स्पेन, इटली और जर्मनी समेत कई देशों के छात्र, श्रमिक और अन्य वर्ग शामिल हुए।

प्रदर्शनकारियों ने सरकारों की नीतियों पर सवाल उठाते हुए मांग की कि युद्ध और सैन्य तैयारियों पर खर्च होने वाली रकम शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और जनकल्याणकारी सेवाओं पर लगाई जाए। इटली में सबसे बड़े ट्रेड यूनियन सीजीआईएल के अनुसार, देशभर में 100 से अधिक सार्वजनिक स्थलों पर

हल्लाबोल: दो दर्जन से अधिक देशों में सड़कों पर उतरे लाखों छात्र और श्रमिक



प्रदर्शन हुए। रोम, मिलान, जेनोवा और बोलोन्या समेत कई शहरों में लोगों ने सैन्य खर्च बढ़ाने की योजनाओं का विरोध किया। यूनियन प्रमुख माउरिजियो लांदिनी ने देशभर के प्रदर्शनों में 10 लाख से अधिक लोगों के शामिल होने का दावा किया। परिवहन क्षेत्र के श्रमिकों ने शुक्रवार और शनिवार को हड़ताल भी की। ब्रिटेन में छात्रों ने संसद भवन के पास पार्लियामेंट स्क्वायर तक मार्च किया। छात्र संगठनों के मुताबिक, 350 से अधिक स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों के आंदोलन में शामिल होने की उम्मीद थी। जर्मनी के हैम्बर्ग में करीब चार हजार प्रदर्शनकारियों ने मार्च किया। यहां जेन-जी अब जिम्मेदारी संभालता है नारे के साथ युवाओं ने अपनी मांगें रखीं।

आवास, खाद्य पदार्थों और रोजमर्रा की जरूरतों की बढ़ती कीमतों ने युवाओं की आर्थिक मुश्किलें बढ़ाई हैं। उच्च शिक्षा की फीस, संस्थानों में बजट की कमी और रोजगार के सीमित अवसर भी नाराजगी की वजह हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि स्कूल-कॉलेजों का बजट घटाया जा रहा है, जबकि युद्ध के लिए अरबों रुपये जुटाए जा रहे हैं।

युद्ध, जलवायु संकट और एआई भी मुद्दा

प्रदर्शनकारियों ने यूक्रेन, गाजा, सूडान और ईरान में संघर्षों के बीच सैन्य खर्च बढ़ाने और पुनः सैन्यीकरण की नीतियों का विरोध किया। गाजा युद्ध में इजरायल के समर्थन को लेकर भी यूरोपीय सरकारों को घेरा। युवाओं ने जलवायु परिवर्तन पर ठोस कदम उठाने, पर्यावरण संरक्षण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के नियमन की मांग की। उनका कहना है कि अनियंत्रित एआई रोजगार और श्रमिकों के अधिकारों के लिए खतरा बन सकता है।



दृश्यम 3 के बाद भूषण की स्पाई थ्रिलर में नजर आएंगे अजय...

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन और प्रोड्यूसर भूषण कुमार ने कई फिल्मों में काम किया है। अब खबर है कि दोनों फिर से हाथ मिला सकते हैं। उनकी फिल्म 2028 में रिलीज हो सकती है। अजय और प्रोड्यूसर भूषण कुमार की जोड़ी ने अब तक कई हिट फिल्में दी हैं। अब एक बार फिर अजय देवगन और भूषण कुमार एक बड़े बजट की स्पाई थ्रिलर फिल्म के लिए हाथ मिला सकते हैं। जय देवगन भूषण कुमार की एक हाई-बजट स्पाई थ्रिलर फिल्म साइन करने के करीब हैं। बताया जा रहा है कि भूषण कुमार ने भारतीय जासूसी की दुनिया पर आधारित एक नई और अब तक अनदेखी कहानी तैयार की है।



हॉलीवुड मसाला



'हील' में दिखा कैंसर से ठीक होने का सफर

लॉस एंजिल्स। वेल्स की राजकुमारी कैथरीन 'हील' नाम की एक नई डॉक्यूमेंट्री में अपने कैंसर के सफर और ठीक होने की प्रक्रिया के बारे में बहुत निजी बातें साझा करने जा रही हैं। यह फिल्म दिखाती है कि कैंसर का पता चलने से कैथरीन की जिंदगी कैसे बदल गई। इसमें इस बीमारी के साथ जीने और उससे उबरने के दौरान आने वाली शारीरिक और भावनात्मक चुनौतियों के बारे में बताया गया है। 'हील' में 44 वर्षीय कैथरीन 'नेशनल थ्री पीक्स चैलेंज' में हिस्सा लेती हैं। इसके तहत जून के आखिर में उन्होंने 24 घंटे के भीतर स्कॉटलैंड, इंग्लैंड और वेल्स की सबसे ऊंची चोटियों पर चढ़ाई की।

लाइफ Style

रश्मिका

मायसा में निभा रहीं गोंड महिला का किरदार

रश्मिका मंदाना की आने वाली एक्शन थ्रिलर 'मायसा' अब अपनी तय तारीख 27 नवंबर को रिलीज नहीं होगी। फिल्म के टलने की अफवाहों के बाद मेकर्स ने आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि की है और इस फैसले के पीछे की वजह भी बताई है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रविंद्र पुल्ले द्वारा निर्देशित 'मायसा' की कहानी आदिवासी इलाकों पर आधारित है और यह रश्मिका के किरदार यानी एक गोंड महिला के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म में एक्ट्रेस एक दमदार और सख्त अवतार में नजर आएंगी, जिसमें भरपूर एक्शन और ड्रामा देखने को मिलेगा। फिल्म की कास्ट में ईश्वरी राव, गुरु सोमसुंदरम और राव रमेश भी अहम भूमिकाओं में हैं। हालांकि, फिल्म के निर्माताओं ने कहानी से जुड़ी कई जानकारियों को अभी गुप्त रखा है। निर्माताओं ने अब तक फिल्म के दो गाने 'ओ मायसा रे' और 'ओसे रामुलम्मा' रिलीज किए हैं। इनमें से 'ओसे रामुलम्मा' गाना 1997 की इसी नाम की फिल्म का रीक्रिएशन है, जिसमें मूल रूप से विजयशांति नजर आई थीं। इस बीच फिल्म की टीम ने दर्शकों को भरोसा दिलाया है कि उन्हें ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा और जल्द ही नई रिलीज डेट की घोषणा कर दी जाएगी। प्रोडक्शन हाउस ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर बयान जारी कर बताया कि फिल्म को एक शानदार एक्शन फिल्म बनाने की तैयारी चल रही है। टीम चाहती है कि दर्शकों को बड़े पर्दे पर बेहतरीन अनुभव मिले। इसके लिए फिल्म की क्वालिटी से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।



एयरपोर्ट पर कैमरों से बचते दिखे अहान

मुंबई। फिल्म सैयारा के बाद से ही अहान पांडे और अनीत पड्डा के रिलेशनशिप में होने की चर्चाएं जारी हैं। फिल्म में दोनों कपल के तौर पर नजर आए थे। अब इसके बाद दोनों एक्टर्स एयरपोर्ट पर स्पॉट किए गए। इसके बाद दोनों सोशल मीडिया पर सुर्खियों में आ गए हैं। वीडियो में दोनों एक्टर्स को जल्दी-जल्दी चलते हुए देखा गया, जहां उन्होंने अपने चेहरे मास्क और हाथों से ढक रखे थे ताकि कैमरों से बच सकें। अनीत पड्डा ने इस दौरान क्रॉप टॉप और कैशुअल पैंट पहनी हुई थी, जबकि अहान व्हाइट टी शर्ट, हुडी और जींस में नजर आए। दोनों ने मास्क भी लगाया हुआ था। जैसे ही पैपराजी ने उन्हें घेरा, दोनों थोड़े असहज नजर आए और बिना ज्यादा रुकावट के आगे बढ़ते दिखे। वीडियो सामने आते ही फैंस के बीच हलचल मच गई। कई लोगों ने दोनों की जोड़ी को लेकर एक्साइटमेंट जताई।



'बाबा निराला' की वापसी का काउंटडाउन

'नई दिल्ली। प्रकाश झा प्रोडक्शंस और अभिनेता बॉबी देओल ने इंस्टाग्राम पर एक साझा पोस्ट के जरिए 'एक बदनाम... आश्रम' सीजन 4 की शूटिंग पूरी होने का ऐलान किया। मेकर्स ने इस मौके पर सेट की एक बिहाइंड द सीन तस्वीर भी शेयर की, जिसमें निर्देशक प्रकाश झा, बॉबी देओल और सीरीज की टीम के अन्य सदस्य नजर आ रहे हैं। तस्वीर पर 'इट्स अ रैप!' लिखा हुआ है। पोस्ट के साथ मेकर्स ने लिखा, 'और इसी के साथ 'आश्रम' सीजन 4 की शूटिंग पूरी हुई। यह सफर जुनून, टीमवर्क और कई यादगार पलों से भरा रहा। हर फ्रेम के पीछे मेहनत करने वाली शानदार टीम के नाम।' इस पोस्ट में स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म एमएक्स प्लेयर बाय प्राइम वीडियो के साथ शो के कई कलाकारों और क्रू मेंबर्स को भी टैग किया गया है।



अपग्रेडेड-2 में टैनर और क्रिस्टोफर की एंट्री

लॉस एंजिल्स। फिल्म 'अपग्रेडेड' के सीक्वल 'अपग्रेडेड 2' में 'द समर आई टर्न्ड प्रिटी' के अभिनेता टैनर जगारिनो और क्रिस्टोफर मैकडोनाल्ड इस फिल्म की स्टारकास्ट में शामिल हो गए हैं। टैनर जगारिनो और क्रिस्टोफर मैकडोनाल्ड को फिल्म में अहम भूमिकाओं के लिए चुना गया है। हालांकि, दोनों कलाकार फिल्म में किस किरदार में नजर आएंगे, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। फिल्म में कैमिला मेंडेस के साथ लेस्ली बिब, एंड्रिया अर्कान्जेली और एलेसांद्रो प्रेजियोसी भी नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन बेक्का गिलसन कर रही हैं। इससे पहले वह 'समर 03' जैसी फिल्म का निर्देशन कर चुकी हैं। कैमिला मेंडेस इस फिल्म में अभिनय के साथ-साथ बतौर निर्माता भी जुड़ी हुई हैं। उनके अलावा माइक कार्ज, बिल बिंडली, रेचल मैथ्यूज, लीना रोकलिन और पियर्स टेम्पेस्ट भी फिल्म के निर्माण से जुड़े हैं।

टीवी मसाला



'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में गुलजार बनकर पहुंचे सुनील

नई दिल्ली। कपिल शर्मा के चर्चित कॉमेडी शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का मंच हो और हंसी न आए, ऐसा भला कैसे हो सकता है? उस पर भी अगर सुनील ग्रोवर उपस्थित हों तो थोड़े और ठहाकों की उम्मीद की जा सकती है और यह उम्मीद वे हमेशा पूरी करते हैं। एक बार फिर उन्हें कॉमेडी शो में देखा जहां वे फुलजार बने नजर आए। कपिल शर्मा के शो में सुनील ग्रोवल ने मशहूर गीतकार गुलजार की मिमिक्री की। वहीं, उनके साथ कपिल शर्मा भी अपने कॉमेडी अंदाज में दिखे। उन्होंने 'नावेद अख्तर' वाले अवतार से माहौल बना दिया। कुल मिलाकर सुनील ग्रोवर और कपिल शर्मा की जुगलबंदी ने ऐसा समा बांधा कि दर्शक भी हंसते-हंसते पेट पकड़ने लगे। शो के दौरान की गई मिमिक्री की एक वीडियो वायरल हो रही है। इसमें कपिल शर्मा और सुनील ग्रोवर दोनों नजर आ रहे हैं। सुनील ग्रोवर ने अपने अंदाज से माहौल बना दिया। वहीं, कपिल शर्मा भी इस माहौल में चार चांद लगाते दिखे। सुनील ग्रोवल फुलजार बनकर पहुंचे। उनकी वेशभूषा और लुक ही नहीं, बल्कि बोलने का अंदाज भी एकदम गुलजार जैसा रहा। नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम पर शो से यह क्लिप शेयर किया है। इस पर नेटिजंस के मजेदार रिएक्शन भी आ रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'दो भाई दोनों तबाही'। एक यूजर ने कहा, 'सुनील ग्रोवर का एक्ट नेक्स्ट लेवल होता है'। एक यूजर ने लिखा, 'वैसे तो इस शो का कंटेंट कभी-कभी आपत्तिजनक होता है। मगर, सुनील ग्रोवर की एक्टिंग की तारीफ तो बनती है'।

'दृश्यम-3' अब ओटीटी पर देगी दस्तक

मुंबई। अजय देवगन और तब्बू स्टारर फिल्म 'दृश्यम: द कन्क्लूजन' अब ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। सिनेमाघरों में रिलीज होने के करीब दो महीने बाद फिल्म डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आने के लिए तैयार है। इस फिल्म के साथ कहानी में वर्षों से चले आ रहे समीर की मौत के रहस्य का भी पर्दाफाश होने वाला है। ऐसे में जिन लोगों ने यह फिल्म थिएटर में नहीं देखी है, वे अब घर बैठे इसका लुत्फ उठा सकेंगे। अजय देवगन की फिल्म 'दृश्यम: द कन्क्लूजन' 27 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। फिल्म के डिजिटल प्रीमियर की जानकारी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म के आधिकारिक कैटलॉग पर भी अपडेट कर दी गई है। फिल्म 2 अक्टूबर, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। ऐसे में थिएटर में फिल्म देखने से चूक गए दर्शक शुक्रवार से इसे नेटफ्लिक्स पर देख सकेंगे। फिल्म का निर्देशन अभिषेक पाठक ने किया है। कहानी एक बार फिर विजय सालगांवकर और उसके परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है।



कार्तिक की 'कालिया' का पहला लुक आया सामने

मुंबई। कार्तिक आर्यन के जन्मदिन के मौके पर करण जौहर ने कार्तिक के फैंस को तोहफा दिया है। उन्होंने कार्तिक आर्यन की अपकमिंग फिल्म कालिया के पहले लुक से पर्दा उठा दिया है। फिल्म का फर्स्ट लुक काफी दमदार लग रहा है। इस लुक के साथ करण जौहर ने फिल्म की रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। कार्तिक आर्यन की फिल्म कालिया का टीजर वीडियो पोस्ट करते हुए करण जौहर ने लिखा- श्री कृष्णा ने इसे दूर भेजा, हम इंसान इसे वापस ले आए। धर्मा प्रोडक्शंस और डोपामाइन स्टूडियो प्रस्तुत करते हैं कालिया। स्टारिंग कार्तिक आर्यन। फिल्म 5 मई, 2028 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के टीजर की शुरुआत श्री कृष्ण और कालिया की कहानी से होती है। इस टीजर को लोगों ने काफी पसंद किया है। फैंस ने हार्ट और फायर इमोजी बनाकर फर्स्ट लुक पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। फिल्म के टीजर की शुरुआत एक मां और बेटे से होती है। रात का अंधेरा छाया है, एक मां अपने बेटे को सुला रही होती है कि तभी वो कहानी सुनाने के लिए कहता है। इसके बाद कहानी शुरू होती है, "सदियों पहले हमारी सबसे पवित्र नदी के भीतर एक राक्षस रहता था, जिसे सब कालिया कहते थे। डरावना, खूंखार उसने पूरी नदी में अपना विष फैला दिया था। पर जब भगवान कृष्ण ने ये सुना, तो वो खुद नदी में उतर गए, उससे लड़े और उसे भगा दिया।' बच्चा पूछता है- फिर क्या हुआ मां? मां कहती है- कहानी खत्म, सो जाओ। बच्चा फिर सवाल करता है कि कालिया कहां गया? मां कहती हैं- चला गया बेटा वो, बहुत पुरानी कहानी है। इसके बाद वो मां कमरे की लाइट बंद कर देती है। लाइट बंद करते ही स्क्रीन पर थोड़ी देर का अंधेरा होता है, फिर स्क्रीन पर एक कुत्ता नजर आता है। वो नदी की तरफ देखता है, फिर नदी में किसी के होने की आहट होती है।

'हनु-मैन 2: द राइज ऑफ वानराज' का ऐलान



मुंबई। 2024 में रिलीज हुई तेजा सज्जा स्टारर 'हनु-मैन' ने बॉक्स ऑफिस पर खूब धूम मचाई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर सफलता हासिल की और करीब 296 करोड़ का कलेक्शन किया था। 'हनु-मैन' की ब्लॉकबस्टर सफलता के बाद अब मेकर्स ने इसके सीक्वल का भी ऐलान कर दिया है। मेकर्स ने हाल ही में एक पोस्टर जारी करते हुए 'हनुमान 2: द राइज ऑफ वानराज' की घोषणा की है, लेकिन इस पोस्टर ने तेजा सज्जा के फैंस को निराश कर दिया है। दरअसल, इस फिल्म में तेजा सज्जा की जगह पंजा वैष्णव तेज मुख्य भूमिका में होंगे। यानी दूसरे भाग से तेजा सज्जा की छुट्टी हो गई है और अब इसमें पंजा वैष्णव तेज लीड रोल में दिखाई देंगे। प्राइमशो एंटरटेनमेंट ने सोशल मीडिया पर एक पोस्टर जारी करते हुए 'हनु-मैन 2: द राइज ऑफ वानराज' का ऐलान किया है। खुद पंजा वैष्णव ने भी सोशल मीडिया पर 'हनु-मैन' के सीक्वल का पोस्टर शेयर की है। उन्होंने 'हनु-मैन 2: द राइज ऑफ वानराज' का पोस्टर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, 'हर तूफान में, उनका नाम एक आश्रय है। विश्वास की हर छलांग में, वे ही सहारा देने वाली हवा हैं। हनु-मैन 2-द राइज ऑफ वानराज।' 'हनु-मैन' की सफलता के बाद, यह फिल्म प्रोडक्शन हाउस का अगला बड़ा प्रोजेक्ट है।

विरासत को आगे बढ़ाने पर गर्व

मेकर्स ने पोस्टर शेयर करते हुए लिखा- 'जो एक सपने से शुरू हुआ था, वह अब और भी बड़े विजन के साथ आगे बढ़ रहा है। अपने अगले बड़े प्रोजेक्ट के साथ 'हनु-मैन की विरासत को आगे बढ़ाने पर गर्व है। पेश है 'हनु-मैन 2 द राइज ऑफ वानराज।' पंजा वैष्णव तेज और दूरदर्शी वीआई आनंद के साथ इस रोमांचक सहयोग को लेकर उत्साहित हूं, हम मिलकर कुछ वाकई शानदार बनाने जा रहे हैं। जल्द ही और अपडेट्स आएंगे।' वी.आई. आनंद द्वारा लिखित और निर्देशित इस फिल्म को के. निरंजन रेड्डी और चैतन्य रेड्डी ने प्रोड्यूस किया है। हनुमान 2 पांच भाषाओं - तेलुगु, हिंदी, तमिल, मलयालम और कन्नड़ - में रिलीज होगी। इससे यह कहानी देश के अलग-अलग हिस्सों के दर्शकों तक पहुंच सकेगी।

इवेंट में शाहरुख-रणवीर-विक्रांत समेत पहुंचे कई सितारे

ग्लोबल पीस ऑनर्स में टाइगर-अक्षय की परफॉर्मेंस ने बांधा समां

मुंबई। ग्लोबल पीस ऑनर्स का आयोजन दिव्यज फाउंडेशन की ओर से किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शांति, एकता और इंसानियत का संदेश देना है। इसके जरिए आतंकवाद के खिलाफ खड़े होने वाले वीरों और इसके पीड़ितों को सम्मान दिया जाता है। मुंबई के ऐतिहासिक गेटवे ऑफ इंडिया पर आयोजित 'ग्लोबल पीस ऑनर्स 2026' के इस समारोह में टाइगर श्रॉफ और अक्षय कुमार ने अपनी शानदार परफॉर्मेंस से सभी का ध्यान खींचा।

तलवार थामे अक्षय का दमदार डांस

अक्षय कुमार ने इस प्रदर्शन में असली आग की लपटों के बीच तलवारबाजी दिखाई गई, जबकि बैकग्राउंड में 'तेरी मिट्टी' गाना बज रहा था। इसने खतरे के बीच साहस दिखाने का दृश्य पेश किया। साथ ही यह समारोह की थीम को भी दर्शाता है, जिसमें आतंक के खिलाफ बहादुरी दिखाने वाले सुरक्षाकर्मियों और पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी गई। अभिनेता के प्रदर्शन ने जल्द ही सोशल मीडिया यूजर्स का ध्यान खींच लिया और इस कार्यक्रम के कई क्लिप ऑनलाइन वायरल हो गए। यह पहली बार नहीं है, जब अक्षय ने लाइव दर्शकों के सामने आग से जुड़े स्टंट किए हैं। अपने एक्शन किरदारों और साहसिक कारनामों के लिए मशहूर अक्षय ने पिछले कुछ वर्षों में कई मौकों पर ऐसे स्टंट किए हैं।





स्टाइलिश अंदाज में पहुंचे रणवीर

इस इवेंट में रणवीर सिंह अपने अलग अंदाज में नजर आए। अभिनेता ने डार्क नेवी ब्लू और ब्लैक शेड का सूट पहना था। इसके साथ गोल्डन बटन और ऑरेंज पॉकेट स्क्वायर उनके लुक को खास बना रहे थे। उन्होंने आंखों पर टिंटेड सनग्लासेस लगाकर अपना लुक पूरा किया।

टाइगर ने स्टेज पर की गणेश वंदना

इस बीच टाइगर श्रॉफ की गणेश वंदना वाली परफॉरमेंस का एक वीडियो भी इंटरनेट पर छा गया, जिसमें कुत्ता अचानक मंच पर आ जाता है। इस क्लिप को शेयर करते हुए एक यूजर ने कैप्शन दिया, 'डोगेश भाई की अनपेक्षित एंट्री।' एक अन्य यूजर ने मजाक में कहा, 'टाइगर के साथ अक्सर ऐसा अचानक वाला सीन हो ही जाता है।' एक तीसरे यूजर ने कुत्ते के इस तरह आने को सबसे बेहतरीन स्पेशल अपीयरेंस बताया।

सुनील शेट्टी : एक्टर सुनील शेट्टी भी इस इवेंट में अपने स्टाइलिश अंदाज में पहुंचे। अभिनेता ने ब्लू कलर की शर्ट पहनी थी, जिसमें सामने दो पॉकेट और बटन डिटेलिंग थी। इसके साथ उन्होंने ब्लैक ट्राउजर और टिंटेड सनग्लासेस कैरी किए। उनका यह लुक काफी सिंपल और क्लासी नजर आया।

शाहरुख, विक्रांत और बोमन : ग्लोबल पीस ऑनर्स के इस इवेंट में शाहरुख खान, विक्रांत मैसी और बोमन ईरानी भी स्टेज शेयर करते नजर आए। तीनों ने शाहरुख के आइकॉनिक पोज को रिक्रिएट कर इस शाम को और हसीन बना दिया।

लगा सितारों का मेला

इस कार्यक्रम में कई जानी-मानी हस्तियां शामिल हुईं, जिनमें क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर और अभिनेता रणवीर सिंह, सुनील शेट्टी तथा विक्रांत मैसी आदि शामिल थे। अमृता फडणवीस द्वारा स्थापित 'दिव्या फाउंडेशन' की ओर से आयोजित 'ग्लोबल पीस ऑनर्स' कार्यक्रम उन लोगों को सम्मानित करता है, जिन्होंने साहस दिखाया है और आतंकवाद के खिलाफ खड़े हुए हैं। यह कार्यक्रम आतंकवादी हमलों के पीड़ितों को भी याद करता है और इसका उद्देश्य शांति, मानवता और एकता को बढ़ावा देना है।



एटीपी फाइनल्स : रोमांचक खिताबी मुकाबले में अल्काराज-ज्वेरेव में भिड़ंत

एजेंसी ▶▶। ट्यूरिन

कार्लोस अल्काराज ने एटीपी फाइनल्स के रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में बेन शेल्टन को हराकर फाइनल में जगह बना ली है। फाइनल में अल्काराज का मुकाबला दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा। ज्वेरेव ने डेनियल मेदवेदेव को हराकर फाइनल में जगह बनाई है।

अल्काराज ने दो घंटे से ज्यादा समय तक चले रोमांचक सेमीफाइनल में अमेरिकी खिलाड़ी शेल्टन को 3-6, 6-3, 7-6 (1) से हराया। फाइनल में पहुंचने के साथ ही अल्काराज ने अपना पहला एटीपी फाइनल्स खिताब जीतने की उम्मीद जिंदा रखी है।

पहला सर्विस गेम हारे अल्काराज

अल्काराज की शेल्टन के खिलाफ शुरुआत खराब रही, वह अपना पहला सर्विस गेम हार गए और पहला सेट हारने से पहले 3-0 से पीछे रहे। स्पेन के इस खिलाड़ी ने धीरे-धीरे दूसरे सेट में अपनी लय पकड़ी, 5-3 की बढ़त बनाई और फिर सेट जीतकर मैच बराबर कर दिया। आखिरी सेट में कोई भी खिलाड़ी सर्विस नहीं तोड़ पाया, जो टाईब्रेक तक चला गया। शेल्टन की दो अनफोर्स्ड गलतियों ने अल्काराज को 5-1 की बढ़त बनाने में मदद की, और स्पेन के खिलाड़ी ने अपना धैर्य बनाए रखते हुए टाईब्रेक में 7-1 से जीत पक्की कर ली।

मैं अच्छा टेनिस खेल पाया: अल्काराज

अल्काराज ने जीत के बाद कहा, शुरुआत में मैं थोड़ा निराश था। लेकिन मैं अब खुश हूं कि दूसरे सेट में वापसी कर सका और अच्छा टेनिस खेल पाया।

ज्वेरेव ने मेदवेदेव को हराकर बनाई फाइनल में जगह

ज्वेरेव ने मेदवेदेव को 7-6 (0), 6-4 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। ज्वेरेव ने मेदवेदेव के खिलाफ शुरुआती सेट में जबरदस्त टाईब्रेक परफॉर्मेंस के साथ फाइनल में अपनी जगह पक्की की, और सातवें गेम में दूसरे सेट का एकमात्र ब्रेक हासिल किया। इसके बाद जर्मन खिलाड़ी ने मैच खत्म करने के लिए अपनी सर्विस बनाए रखी और ट्यूरिन में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा।

एक एंटरटेनिंग मैच होगा : ज्वेरेव

ज्वेरेव का फाइनल में मुकाबला मजबूत अल्काराज से है। इस मुकाबले को लेकर ज्वेरेव ने कहा, मुझे उम्मीद है कि हम दोनों अपना बेस्ट देंगे और यह सभी के लिए एक एंटरटेनिंग मैच होगा। ज्वेरेव दो बार के एटीपी फाइनल्स चैंपियन हैं, जबकि अल्काराज को अपने पहले खिताब की तलाश है।



पहला टेस्ट चौथा दिन : शुरुआती झटकों के बाद न्यूजीलैंड की पारी संभालने की कवायद जारी

भारत की 720 रनों की विशाल पारी, पंत का रिकॉर्ड शतक

एजेंसी ▶▶। वेलिंगटन

ऋषभ पंत के रिकॉर्ड नौवें शतक की मदद से भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के चौथे दिन रविवार को 9 विकेट पर 720 रन का विशाल स्कोर बनाकर पारी घोषित की, जिसके जवाब में मेजबान टीम शुरुआती झटकों से उबरकर संभलती दिख रही है। भारत की पहली पारी में कई रिकॉर्ड टूटे। पंत दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड , आस्ट्रेलिया (एसईएनए देश) में शतक लगाने वाले एशिया के पहले विकेटकीपर और भारत के छठे बल्लेबाज बन गए।

केएल राहुल एसईएनए देशों में टेस्ट शतक लगाने वाले पांचवें भारतीय बल्लेबाज बने। सचिन तेंदुलकर, मोहम्मद अजहरुद्दीन, राहुल द्रविड़ और विराट कोहली यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। पंत ने इंग्लैंड में चार (ओवल पर 2018 में 118, बर्मिंघम में 2022 में 146 और लीड्स में 2025 में 134 और 118), आस्ट्रेलिया में एक (2019 में सिडनी में 159) और दक्षिण अफ्रीका में एक (2022 में केपटाउन में 100) शतक लगाया है।

भारत ने बनाया तीसरा सर्वोच्च टेस्ट स्कोर

भारत का यह तीसरा सर्वोच्च टेस्ट स्कोर है। इससे पहले भारत ने चेन्नई में 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ सात विकेट पर 759 और 2009 में मुंबई में श्रीलंका के खिलाफ नौ विकेट पर 726 रन बनाये थे । यह विदेशी धरती पर भारत का सर्वोच्च टेस्ट स्कोर है। इससे पहले आस्ट्रेलिया के खिलाफ 2004 में सिडनी टेस्ट में भारत ने 7 विकेट पर 705 रन बनाए थे, जो उसका सर्वोच्च स्कोर था।



सेना देशों में शतक लगाने वाले पहले एशियाई कीपर ऋषभ

पहली बार बनी लगातार 7 अर्धशतकीय साझेदारियां

चौथे दिन का खेल समाप्त होने पर डेवोन कॉवे 59 और रचिन रविंद्र 27 रन बनाकर खेल रहे थे। न्यूजीलैंड को पारी की हार से बचने के लिए अभी 233 रन और बनाने हैं। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पहली बार लगातार सात अर्धशतकीय साझेदारियां बनी। पहले विकेट के लिए 130, दूसरे के लिए 165, तीसरे के लिए 91, चौथे के लिए 100, पांचवें के लिए 68, छठे और सातवें विकेट के लिए क्रमशः 75 और 54 रन की साझेदारियां बनी। इससे पहले बेसिन रिजर्व का विकेट राजकोट या रावलपिंडी की तरह लग रहा था।

भारत का न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे बड़ा टोटल

टीम इंडिया और न्यूजीलैंड के बीच टेस्ट सीरीज की शुरुआत साल 1955-56 में हुई थी, जबकि टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड का पहला दौरा साल 1967 में किया था। तब से लेकर अब तक टीम इंडिया 10 बार टेस्ट सीरीज के लिए न्यूजीलैंड दौरे पर जा चुकी है। इस दौरान भारत ने पहली बार 700 रन का आंकड़ा पार किया और न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट इतिहास का सबसे बड़ा 720 रन का टोटल नौ विकेट के नुकसान पर बनाया।

भारत ने एक पारी में जड़े 14 छक्के

वेलिंगटन के मैदान पर टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने 128 रन की पारी में सबसे अधिक छह छक्के लगाए। वहीं, उनके बाद केएल राहुल ने दो छक्के लगाए, तो अंत में आकाश दीप ने भी दो छक्के उड़ाए। इसके चलते भारत ने 720 रन की पारी में कुल 14 छक्के लगाए, जो उसके टेस्ट क्रिकेट इतिहास में किसी एक पारी में सबसे अधिक छक्के लगाने का चौथा रिकॉर्ड भी है।

इंग्लैंड को पछाड़कर आगे निकला भारत

इंग्लैंड की टीम टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में अभी तक चार बार ही 700 या उससे अधिक का टोटल बना सकी है, जबकि भारत ने अब पांचवीं बार 700 या उससे अधिक का टोटल बना दिया है।



बुमराह का कमाल

जसप्रीत बुमराह ने वेलिंगटन टेस्ट मैच की दोनों पारियों के पहले ओवर में न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम को शून्य पर चलता किया। इसके चलते एक टेस्ट मैच की दोनों पारियों के पहले ओवर में विकेट लेने का कारनामा जसप्रीत बुमराह ने पहली बार किया। वह ऐसा करने वाले भारत के तीसरे गेंदबाज बने।

26 हजार जगहों पर मनाया गया फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल



एजेंसी ▶▶। गांधीनगर

फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल का 99वां संस्करण रविवार को देशभर में 26,हजार स्थानों पर मनाया गया और संविधान दिवस की थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम ने फिटनेस, नागरिक जिम्मेदारी और राष्ट्र-निर्माण में सामूहिक भागीदारी के संदेश को और मजबूत किया। खेल मंत्री मनसुख मांडविया, गुजरात के उप मुख्यमंत्री हर्ष सांघवी ने गांधीनगर में दांडी कुटीर और महात्मा मंदिर में इस कार्यक्रम की अगुवाई की।

इसमें शहर के नागरिकों, खिलाड़ियों और फिटनेस उत्साहियों ने भाग लिया। मांडविया ने इस मौके पर कहा कि विकसित भारत 2047 का लक्ष्य हासिल करने के लिए फिट, स्वस्थ और ड्रगमुक्त युवा आबादी जरूरी है। उन्होंने कहा,' फिट इंडिया संडे आन साइकिल के 99वें सत्र में देश भर में 26 हजार जगहों पर लोगों की भागीदारी खास है। विशेष तौर पर जब हम 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाने जा रहे हैं। फिटनेस एक दिन कुछ घंटे तक सीमित नहीं रहनी चाहिए बल्कि हमारे जीवन का हिस्सा होना चाहिए।

खबर संक्षेप



आईएलटी20 : एमआई एमिरेट्स ने डेजर्स वाइपर्स को हराया

दुबई। कुसल परेरा के अर्धशतक और क्रिस जोर्डन के चार विकेट की मदद से मुंबई इंडियंस एमिरेट्स ने डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 के पहले मैच में गत चैम्पियन डेजर्स वाइपर्स को 52 रन से हराया । परेरा को पाकिस्तान के नसीम शाह ने शुरुआती चरण में दो जीवनदान दिए, जिसका फायदा उठाकर उन्होंने 40 गेंद में छह चौकों और दो छक्कों की मदद से 58 रन बनाए। उन्होंने पहले विकेट के लिए यूएई के मुहम्मद वसीम (41) के साथ 94 रन की साझेदारी की। मुंबई इंडियंस एमिरेट्स के आठ विकेट पर 174 रन के जवाब में वाइपर्स 122 रन ही बना सके। वाइपर्स के विकेट नियमित अंतराल पर गिरते रहे । इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोर्डन ने तीन ओवर में 19 रन देकर चार विकेट लिए।

असाधारण प्रतिभा के खिलाड़ी हैं ऋषभ : जुरेल

वेलिंगटन। ध्रुव जुरेल अपने साथी विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को 'असाधारण प्रतिभा' और एक 'मेंटोर' (मार्गदर्शक) मानते हैं, जिनके टेस्ट क्रिकेट में बल्लेबाजी के प्रति दृष्टिकोण का वह बारीकी से आकलन करते हैं। जुरेल ने कहा, 'ऋषभ असाधारण खिलाड़ी है। मैं हमेशा उससे उसकी मानसिकता के बारे में पूछता रहता हूं। जब भी हम सब सोचते हैं कि वह सामान्य तरीके से खेलेगा, तभी वह आगे बढ़कर जोरदार शॉट लगा देता है। मैं उसे एक मेंटोर के रूप में देखता हूं।' जहां पंत ने अपने शतक से सुर्खियां बटोरीं, वहीं जुरेल ने विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में अपनी जगह पक्की करने के लिए एक और शानदार पारी खेली।



पाकिस्तान ने भारत को 48 रन से हराया

राइजिंग स्टार एशिया कप: कप्तान तिलक की सेंचुरी काम नहीं आई

हसन और रजा को 3-3 विकेट

एजेंसी ▶▶। दोहा

पाकिस्तान ए ने राइजिंग स्टार एशिया कप के मुकाबले में भारत ए को 48 रनों से हरा दिया। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.2 ओवर में 313 रन बनाए थे। जवाब में भारत ए की टीम 49.1 ओवर में 265 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत ए के लिए कप्तान तिलक वर्मा ने एक बार फिर शानदार शतक जड़ा, लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके। तिलक 149 गेंदों पर सात चौकों और एक छक्के की मदद से 100 रन बनाकर आखिरी बल्लेबाज के रूप में आउट हुए। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की बल्लेबाजी अच्छी नहीं रही। टीम ने 129 रन के स्कोर पर छह विकेट गिरा दिए थे। लग रहा था कि भारत ए बड़े अंतर से ये मुकाबला गंवा देगी, लेकिन तिलक और शहबाज अहमद ने सातवें विकेट के लिए 112 रनों की साझेदारी कर टीम को संभाला। इस दौरान इन दोनों बल्लेबाजों ने अर्धशतक लगाए। शहबाज अहमद को अली रजा ने आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। शहबाज 49 गेंदों पर एक चौके और चार छक्कों की मदद से 56 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद तिलक भले ही मैच को अंतिम ओवर तक खींच ले गए, लेकिन जीत नहीं दिला सके। उन्होंने हालांकि, शतक पूरा किया। तिलक और शहबाज के अलावा अभिषेक शर्मा ने 42 गेंदों पर छह चौकों और छह छक्के की मदद से 70 रन बनाए। तीन बल्लेबाजों की शानदार पारी के बावजूद भारत ए मैच अपने नाम नहीं कर सका। भारत ए का अगला मुकाबला 24 नवंबर को यूएई से होगा। भारत ए के लिए वैभव सूर्यवंशी ने 11, रिंकू सिंह ने 6, कुमार कुशाग्र ने 2 रन बनाए और आयुष बदोनी खाता खोले बिना आउट हुए। पाकिस्तान की ओर से अली रजा और हसन नवाज को तीन-तीन विकेट मिले, जबकि मोहम्मद इमरान रंधावा को दो और अहमद दानियाल और सुफ्यान मोकिम को एक-एक विकेट मिला।



विमेंस इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी

नीदरलैंड सिर्फ 57 रन पर ढेर श्रीलंका टीम की दमदार जीत

एजेंसी ▶▶। अजमान

आईसीसी विमेंस इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी 2026 के 'सुपर-6' मुकाबले में श्रीलंका ने नीदरलैंड के खिलाफ 9 विकेट से शानदार जीत हासिल की। यह मुकाबला कारवां क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया।

शानदार गेंदबाजी के लिए कविशा दिलहारी (8 रन देकर 2 विकेट) को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी नीदरलैंड की टीम 17.4 ओवरों में सिर्फ 57 रन पर सिमट गई। इस टीम को महज 1 के स्कोर पर सान्या खुराना (0) के रूप में पहला झटका लगा, जिसके बाद कप्तान स्टेरे कैलिस ने मोर्चा संभालने की कोशिश की। उन्होंने फीबे मोल्केनबोअर (7) के साथ दूसरे विकेट के लिए 20 रन की साझेदारी की, जिसके बाद आइरिस ज्विलिंग के साथ छठे विकेट के लिए 19 रन जुटाए। इसके जवाब में श्रीलंका ने महज 7.2 ओवरों में मुकाबला अपने नाम कर लिया। सलामी जोड़ी के रूप में विष्मी गुणरत्ने और इमेशा दुलानी के बीच 13 रन की साझेदारी हुई। इमेशा 7 गेंदों में 1 चौके के साथ 6 रन बनाकर आउट हुईं, जिसके बाद गुणरत्ने ने कप्तान हर्षिता समरविक्रमा के साथ दूसरे विकेट के लिए 28 गेंदों में 45 रन की अटूट साझेदारी करते हुए टीम को आसान जीत दिलाई।



सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी

तेजस्वी दहिया के अर्धशतक से दिल्ली ने हरियाणा को 43 रन से हराया

रोहतक। सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी के ग्रुप-बी मुकाबले में रविवार को दिल्ली ने हरियाणा को 43 रन से करारी शिकस्त दी। होल्कर क्रिकेट स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 232 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। दिल्ली के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज तेजस्वी दहिया ने महज 36 गेंदों पर 6 चौकों और 9 छक्कों की मदद से 95 रन की विस्फोटक पारी खेली। कप्तान प्रियांश आर्या ने 40 गेंदों पर 62 रन, जबकि नितीश राणा ने 37 और यश दुल ने 26 रन का योगदान दिया। हरियाणा की ओर से सुमित कुमार और अनुज ठकराल ने 3-3 विकेट झटके। 233 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हरियाणा की टीम निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 189 रन ही बना सकी। हरियाणा के लिए सामंत जाखड़ और सुमित कुमार ने सर्वाधिक 33-33 रन बनाए, जबकि कप्तान अंकित कुमार ने 32 और यशवर्धन दलाल ने 28 रन की पारी खेली। दिल्ली की ओर से लेग स्पिनर सुयश शर्मा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 31 रन देकर 3 और मयंक यादव ने 2 विकेट हासिल किए। शानदार बल्लेबाजी के लिए तेजस्वी दहिया को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

भारत और न्यूजीलैंड में खेल संबंधों के 100 साल पूरे

भारत ने न्यूजीलैंड के साथ खेला ड्रॉ, जीती सीरीज

एजेंसी ▶▶। ऑकलैंड

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ दोनों देशों के खेल संबंधों के 100 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित की गई प्रतियोगिता के तीसरे और अंतिम मैच 2-2 से ड्रॉ खेला और इस तरह से श्रृंखला 1-0 से अपने नाम की।

भारत तीनों मैच में अजेय रहा। उसने 19 नवंबर को पहले मैच में 3-2 से जीत दर्ज की थी, जिससे श्रृंखला का परिणाम तय हुआ क्योंकि उसके बाद दो मैच 2-2 से ड्रॉ रहे।

न्यूजीलैंड ने की तीसरे मैच में शानदार शुरुआत

न्यूजीलैंड ने तीसरे मैच में शानदार शुरुआत की। उसने डायलन थामस के नौवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर किए गोल से बढ़त हासिल की। भारतीय टीम ने हालांकि जल्द ही लय हासिल कर ली और कप्तान संजय ने 16वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर बराबर कर दिया। भारत ने इसके दो मिनट बाद ही कार्थी सेल्चम के मैदानी गोल की मदद से 2-1 से बढ़त हासिल कर ली।



भारत ने मैच में बनाए रखी बढ़त

भारत ने मैच के अंतिम चरण तक अपनी बढ़त बनाए रखी, लेकिन न्यूजीलैंड ने बराबरी का गोल करने के लिए लगातार प्रयास जारी रखे। आखिर में 55वें मिनट में उसकी कोशिश रंग लाई जब बेंजी कुलहैन ने मैदानी गोल दागकर स्कोर 2-2 कर दिया। इसके बाद दोनों टीम ने विजयी गोल करने के लिए पूरी कोशिश की लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली और इस तरह से मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ। भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेल संबंधों की शुरुआत 1926 में हुई थी जब दिग्गज खिलाड़ी मेजर ध्यान चंद की अगुवाई वाली भारतीय सेना की हॉकी टीम ने न्यूजीलैंड का दौरा किया था।



एजेंसी ▶▶ काशी

काशी तमिल संगमम 5.0 का आयोजन 28 नवंबर से शुरू होने जा रहा है। इसके पहले काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) की ओर से प्री-इवेंट गतिविधियां शुरू कर दी गई हैं। इसी क्रम में शनिवार को अस्सी घाट पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बीएचयू, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ और शहर के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

काशी तमिल संगमम 5.0 से पहले रंगोली प्रतियोगिता

अस्सी घाट पर रंगोली के रंगों में झलकी भारतीय संस्कृति और परंपरा, बच्चों की आकर्षक रंगोलियां देखने के लिए उमड़े लोग

बीएचयू की ओर से प्री-इवेंट गतिविधियां शुरू



आयोजन 28 नवंबर से शुरू किया जाएगा

कलाकृतियों को दर्शकों ने सराहा

अस्सी घाट पर बच्चों ने अलग-अलग विषयों और संदेशों पर आधारित आकर्षक रंगोलियां बनाईं। रंगों के जरिए भारतीय संस्कृति, परंपरा और सामाजिक मूल्यों को उकेरने का प्रयास किया गया। घाट पर सजी रंगोलियों को देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक और स्थानीय लोग पहुंचे। लोगों ने बच्चों की कलाकृतियों की सराहना की और उनके साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं।

'तिरुक्कुरल पयिल्वोम-तिरुक्कुरल अभ्यास करें' रखी इसकी थीम

संगमम 5.0 की थीम 'तिरुक्कुरल पयिल्वोम-तिरुक्कुरल अभ्यास करें' है। तिरुक्कुरल नैतिकता और आचरण पर आधारित एक प्राचीन तमिल ग्रंथ है, जिसकी रचना कवि एवं दार्शनिक श्री तिरुवल्लुवर ने की थी। इसे तीन प्रमुख भागों में बांटा गया है- अरम(धर्म), पोरुल (अर्थ) और इन्बम-(काम), जो आगे चलकर वीडु (मोक्ष) का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

आयोजन का उद्देश्य- लोगों में उत्साह पैदा करना

काशी तमिल संगमम के कोऑर्डिनेटर अंचल श्रीवास्तव ने बताया कि बीएचयू की ओर से प्री-इवेंट आयोजित करने का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को इस आयोजन से जोड़ना है। गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों और लोगों में उत्साह पैदा किया जा रहा है।

खबर संक्षेप

अलप्पुझा में कांग्रेस कार्यकर्ता समेत 5 अरेस्ट

अलप्पुझा (केरलम)। केरलम के अलप्पुझा जिले के मक्केकावला में युवा कांग्रेस के एक स्थानीय



कार्यकर्ता समेत पांच लोगों को 11.6 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया है। ये सभी थाइकट्टुस्सेरी के निवासी हैं। गोपनीय सूचना के आधार पर पूचाकल पुलिस ने शनिवार रात मक्केकावला में कार जब्त कर ली।

भाजपा विधायक रेखा पात्रा वेंटिलेटर पर

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के हिंगलगंज से भाजपा विधायक रेखा पात्रा की तबीयत काफी बिगड़



गई है। उन्हें कोलकाता के एक अस्पताल में वेंटिलेटर पर रखा गया है। शनिवार रात को घर पर तबीयत खराब हुई। बीमारी का फिलहाल पता नहीं चल रहा है लेकिन लक्षण जहर जैसे बताए जा रहे हैं। उनकी हालत स्थिर है।

राज्यसभा सांसद रामराव वडकुटे का निधन

नई दिल्ली। भाजपा के राज्यसभा सदस्य और वरिष्ठ नेता रामराव वडकुटे के निधन पर राष्ट्रपति



द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री सहित कई नेताओं ने दुख जताया है। राष्ट्रपति की मुर्मू ओर से एक्स पर पोस्ट कर लिखा गया, राज्यसभा सांसद रामराव सखाराम वडकुटे के निधन से बहुत दुख हुआ। वे लोगों की भलाई के लिए समर्पित थे।

तमिलनाडु में पेड़ से टकराई वैन, 8 मरे

तिरुचिरापल्ली। तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली जिले में रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया।



मुसिरी के पास यात्रियों से भरी एक वैन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे नीम के पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी वैन में सवार 8 लोगों की मौके पर मौत हो गई। कई अन्य लोग घायल हो गए।

एससीओ सभ्यता संवाद मंच से बोले केंद्रीय मंत्री शेखावत

आयोजन में विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया देशों में बढ़ रहीं नजदीकियां

हमारी साझा सांस्कृतिक विरासत व परंपराएं एससीओ देशों को जोड़ेंगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

'पहले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) सभ्यता संवाद मंच' के दूसरे दिन कई सत्रों का आयोजन हुआ। इन सत्रों में सभ्यताओं की सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों पर विचार मंथन किया

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की मेजबानी में नई दिल्ली में 20 से 22 नवंबर को आयोजित 'पहले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) सभ्यता संवाद मंच' के दूसरे दिन कई सत्रों का आयोजन हुआ। इन सत्रों में सभ्यताओं की सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों, कला एवं वास्तुकला में साझा विरासत तथा ऐतिहासिक व्यापारिक संबंधों पर ध्यान केंद्रित किया। इन सत्रों में एससीओ सदस्य देशों एवं संवाद भागीदार देशों के मंत्री, वरिष्ठ प्रतिनिधि, शिक्षाविद, इतिहासकार तथा कला और संस्कृति के विशेषज्ञ एक साथ आए। सांस्कृतिक आदान-प्रदान, साझा कलात्मक परंपराओं और विभिन्न सभ्यताओं के बीच ऐतिहासिक संबंधों के पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। इसमें केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने विचार व्यक्त किए। आखिर में इंद्रप्रस्थ घोषणा पत्र जारी किया।

दूसरे दिन सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों, कला, वास्तुकला तथा ऐतिहासिक व्यापार संबंधों पर चर्चा की

एससीओ का इंद्रप्रस्थ घोषणापत्र जारी

शिक्षाविद, इतिहासकार तथा कला और संस्कृति के विशेषज्ञ रहे शामिल



आईजीएनसीए आयोजन का नॉलेज पार्टनर

शेखावत ने पहले-दूसरे सत्र की अध्यक्षता की

शेखावत ने कार्यक्रम के दूसरे दिन 'सभ्यतागत एवं सांस्कृतिक अभिव्यक्तियां' विषय पर पहले और दूसरे संयुक्त सत्रों की अध्यक्षता करते हुए कहा कि ऐतिहासिक संबंधों ने देशों को एक-दूसरे के करीब लाने में अहम भूमिका निभाई है। समझ, विश्वास को बढ़ावा देने में सांस्कृतिक सहयोग जरूरी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सम्मेलन का उद्घाटन किया था। इसका उद्देश्य एससीओ सदस्य देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करना, साझा सभ्यतागत विरासत के माध्यम से आपसी समझ एवं सहयोग को बढ़ावा देना तथा सांस्कृतिक संवाद के लिए नए अवसर उत्पन्न करना है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र इस आयोजन का नॉलेज पार्टनर है।

हर सभ्यता को बराबर सम्मान, सांस्कृतिक विरासत बचाने पर जोर

संवाद मंच में 'इंद्रप्रस्थ घोषणापत्र' जारी किया गया। इसमें हर सभ्यता को समान सम्मान देने और सांस्कृतिक विरासत की अवैध तस्करी रोकने पर जोर दिया गया। घोषणापत्र में मुख्य रूप से सभ्यताओं के बीच समानता और सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को शामिल किया गया है। मंच में सदस्य देशों के बीच हुई चर्चा और उनके सुझावों के आधार पर यह दस्तावेज तैयार किया गया।

- दुनिया की प्रत्येक सभ्यता को समान सम्मान और अपनी बात रखने का बराबर अधिकार मिलना चाहिए। सभ्यताओं की सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने के प्रयास किए जाने चाहिए।
- सांस्कृतिक धरोहरों की अवैध तस्करी को रोकना चाहिए। जरूरत है। देशों के बीच हुई चर्चाओं और उनके सुझावों को दस्तावेज में जगह दी गई है।

वैदिक प्रार्थना की भावना की गहराई बताई

उन्होंने कहा कि आज की चर्चाएं उस शाश्वत वैदिक प्रार्थना की भावना से गहराई से जुड़ी हैं जिसका उल्लेख प्रधानमंत्री ने किया था। '॰ संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम।' इसका अर्थ है, आइए हम सब मिलकर चलें, मिलकर विचार-विमर्श करें और हमारे मन एक-दूसरे के साथ सामंजस्य में हों। उन्होंने कहा कि हमारी सभ्यताएं अतीत की विरासतें तक सीमित नही हैं।

संस्कृति मंत्रालय ने स्वागत भाषण दिया

संस्कृति मंत्रालय के सचिव विवेक अग्रवाल ने अपने स्वागत भाषण एवं सम्मेलन के विषयों के लिए परिचय देते हुए कहा कि 'एससीओ सिविलाइजेशनल डायलॉग फोरम' सदस्य देशों को अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक संबंधों और साझा सभ्यतागत मूल्यों को समझने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है, साथ ही यह विचारों के आदान-प्रदान को भी सुगम बनाता है।

पाक मंत्री की बोलती बंद

संवाद कार्यक्रम में पाकिस्तान के मंत्री मुसादिक मसूद मलिक ने एक बार फिर भारत में हुए आतंकी हमलों और सिंधु जल संधि को लेकर सीधे सवालों का जवाब देने से बचते नजर आए। उनसे पूछा गया कि पाकिस्तान से संचालित आतंकी नेटवर्क, भारत में हुए हमलों के लिए इस्लामाबाद ने क्या कार्रवाई की है? उन्होंने पाक की जिम्मेदारी स्वीकार करने के बजाए सबूतों की मांग की और चुप रहे गए।

चंडीगढ़ में बोले भाजपाध्यक्ष नवीन

राहुल विदेश दौरे में भारत का अपमान कर रहे, उन्हें केवल परिवार की चिंता

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़



पंजाब के चंडीगढ़ में सभा को संबोधित करते हुए भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवी न ने कहा कि राहुल गांधी विदेशी दौरे में भारत का अपमान करते हैं। उन्हें सिर्फ परिवार की चिंता रहती है। ये लोग पार्ट-टाइम राजनेता हैं। ऐसे लोग इसी मिट्टी से आते हैं यहीं का खाते हैं और विदेश जाकर इसी मिट्टी का अपमान करते हैं। उन्हें भारत के विकास की गति पर दुख होता है। वे कहते हैं कि भारत की इकोनॉमी डिजास्टर हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेतृत्व विदेश में जाकर भारत की सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और संस्कृति को लेकर ऐसी भाषा का इस्तेमाल करता है जिससे देश का अपमान होता है। उन्होंने कहा कि भाजपा विदेशी टूलकिट या इशारे पर काम नहीं करती।

आर्थिक विकास के आंकड़े भी दिए

उन्होंने कहा कि विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोषके अनुसार वैश्विक अस्थिरता के बावजूद भारत 7.1 प्रतिशत विकास दर के साथ सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। उन्होंने यह भी कहा कि विश्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक 50 करोड़ परिवार गरीबी रेखा से आगे बढ़ रहे हैं और भारत मैनपावर से मैन्युफैक्चरिंग पावर बनने की ओर अग्रसर है।

हमारे कार्यकर्ता हर क्षण कार्य कर रहे

नितिन ने कहा कि लोग अक्सर पूछते हैं कि चुनाव आ गए हैं तो अब भाजपा कार्यकर्ता क्या करेंगे? लेकिन मैं हमेशा कहता हूं कि भाजपा कार्यकर्ता साल के 365 दिन, 24/7 काम करते हैं। उनके लिए चुनाव का आना या खत्म होना कोई मायने नहीं रखता। हमारे भाजपा कार्यकर्ता हमेशा जनता के बीच रहते हैं और अपने साथियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करते हैं।

वोट चोरी के दावे को पूरी तरह 'नासमझी' बताया

वोट चोरी के मुद्दे पर नितिन ने कहा कि लोग पूछते हैं, वोट कैसे चोरी हो गया? सच यह है कि वोट चोरी नहीं हुआ है। जिनकी जमीन खिसकी है, उन्हें ही लगता है कि वोट चोरी हुआ है। 13 करोड़ लोगों के नाम कटने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन13 करोड़ में से 2.8 करोड़ लोग मर चुके हैं। 6.3 करोड़ लोग बाहर जा चुके हैं। 1 करोड़ लोग डुप्लीकेट है और 3 करोड़ लोग मौजूद ही नहीं हैं?

121 किलो सोने का गुप्त दान! तिरुपति मंदिर में भक्त ने दिए 160 करोड़ के गहने

एजेंसी ▶▶ तिरुमला

इस महादान के लिए 45 प्रकार के सोने के आभूषण तैयार करवाए गए

तिरुमला स्थित भगवान श्री वेंकटेश्वर स्वामी के मंदिर में एक भक्त ऐसा महादान करने जा रहा है, जो तिरुमला के इतिहास में नया रिकॉर्ड बन सकता है। एक अज्ञात भक्त भगवान बालाजी को 121 किलोग्राम सोने के आभूषण समर्पित करने जा रहा है। इन आभूषणों की अनुमानित कीमत 150 से 160 करोड़ रुपये बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, आगामी 26 नवंबर को तिरुमला में श्रीवारी के सान्निध्य में यह स्वर्ण आभूषण तिरुमला तिरुपति देवस्थानम के अधिकारियों को सौंपे जाएंगे। भक्त ने अपनी पहचान सार्वजनिक नहीं करने की इच्छा जताई है।



आखिर 121 किलो सोना ही क्यों...?

इस दान के पीछे भगवान बालाजी के दैनिक श्रृंगार से जुड़ी एक खास वजह बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, श्री वेंकटेश्वर स्वामी का प्रतिदिन लगभग 120 किलोग्राम सोने के आभूषणों से श्रृंगार किया जाता है।

बेहतरीन आभूषणों के 9 विशेष सेट तैयार

इस महादान के लिए कुल 45 प्रकार के सोने के आभूषण तैयार करवाए गए हैं इन्हें विशेष रूप से 9 अलग-अलग सेट में तैयार किया गया है। इनका कुल वजन 121 किलोग्राम बताया जा रहा है। यह किसी एक भक्त की ओर से तिरुमला मंदिर को दिया जाने वाला सबसे बड़ा स्वर्ण दान माना जा रहा है।

भक्त ने कहा- भगवान के आशीर्वाद से ही मिली सफलता

इस भक्त के बारे में बताया जा रहा है कि उन्होंने अपनी कंपनी की 60 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर करीब 6,000 से 7,000 करोड़ रुपये हासिल किए हैं। उन्होंने पहले मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू को भी बताया था कि यह सफलता भगवान श्री वेंकटेश्वर स्वामी के आशीर्वाद से मिली है। अब उसी संकल्प को पूरा करते हुए वे भगवान को यह बहुमूल्य स्वर्ण आभूषण समर्पित करने जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस संबंध में टीटीडी अधिकारियों से पहले ही बातचीत की जा चुकी है।

फेरिस व्हील की सवारी



अजमेर। रविवार को राजस्थान के अजमेर जिले में वार्षिक पुष्कर मेले के दौरान पर्यटक रोशनी से जगमगाते फेरिस व्हील की सवारी का आनंद लेते हुए।

अल-नीनो से हिमालय में भूस्खलन और हिमस्खलन का खतरे का भय

भारत-नेपाल, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में बाढ़ का अनुमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मजबूत अल नीनो से हिंदूकुश हिमालय क्षेत्र में सामान्य से ज्यादा बारिश हो सकती है। इससे सर्दियों में नेपाल में बाढ़, भूस्खलन और हिमस्खलन का खतरा बढ़ सकता है। हिंदूकुश हिमालय विंटर आउटलुक 2026 के अनुसार, नेपाल के अलावा अफगानिस्तान और बांग्लादेश में भी इसका असर रहेगा। यहां बारिश और ठंड ज्यादा होने का अनुमान है।

अमेरिका की नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन (NOAA) के मुताबिक, अल नीनो मजबूत से बहुत मजबूत स्थिति में है। इसके 1950 में रिकॉर्ड शुरू होने के बाद सबसे मजबूत बनने की संभावना करीब 60% है। यह रिपोर्ट काठमांडू स्थित इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट (ICIMOD), बीजिंग नॉर्मल यूनिवर्सिटी और चाइनीज एकेडमी ऑफ साइंसेज के इंस्टीट्यूट ऑफ एटमॉस्फेरिक फिजिक्स ने मिलकर तैयार की है।

ज्यादा बारिश, बर्फबारी, सूखा और जंगलों में आग का खतरा

ICIMOD के वैज्ञानिकों ने कहा कि अल नीनो से हिमालय की तलहटी में ज्यादा बारिश हो सकती है। ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी भी बढ़ सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि क्षेत्र के कुछ हिस्सों में सूखे का दौर आ सकता है। इससे जंगलों में आग लगने का खतरा भी बढ़ेगा। यह अनुमान नेपाल और भूटान में बेहद नुकसानदायक मानसून के बाद आया है।

हैदराबाद में इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन लीगल एजुकेशन में बोले सीजेआई

एआई पर बैन न लगाएं, जिम्मेदारी से इस्तेमाल सिखाएं

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

देश के चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत ने कानूनी शिक्षा के मौजूदा तौर-तरीकों में बदलाव को लेकर जरूरी बातें कही हैं। उनका मानना है कि लॉ की पढ़ाई केवल किताबों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए बल्कि छात्रों को अदालतों में काम करने और वास्तविक कानूनी समस्याओं को समझने का प्रैक्टिकल अनुभव भी मिलना चाहिए। उन्होंने लॉ के छात्रों के ग्रेजुएशन की शर्तों में कानूनी सहायता से जुड़े काम को शामिल करने की सलाह दी है। सीजेआई ने यह हैदराबाद में कॉमनवेल्थ लीगल एजुकेशन एसोसिएशन के पहले सालाना इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन लीगल एजुकेशन 2026 के उद्घाटन सत्र में कही।

सीजेआई ने कहा छात्रों को वास्तविक कानूनी समस्याओं को समझने का प्रैक्टिकल अनुभव भी मिलना चाहिए

सीजेआई ने लॉ स्कूलों को दी सलाह



एआई से फैसले में अंतर होना भी संभव

उनके अनुसार भविष्य के वकीलों और जजों के लिए यह समझना जरूरी है कि एआई की मदद से मिलने वाली जानकारी और इंसानी दिमाग से लिए गए फैसलों में अंतर होता है। लॉ के छात्रों को तकनीक का इस्तेमाल करना आना चाहिए लेकिन कानूनी मामलों में मानवीय समझ और स्वतंत्र फैसले लेने की क्षमता भी बनाए रखनी होगी।

जारी करनी चाहिए गाइडलाइन

सीजेआई ने कहा कि लॉ स्कूलों को एकेडमिक काम में एआई के इस्तेमाल और जानकारी देने के बारे में साफ गाइडलाइंस बनानी चाहिए। कॉमनवेल्थ देशों के लॉ स्कूलों और जर्नल्स के लिए मॉडल गाइडलाइंस बनाने के लिए सीएलईए से आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि एआई लीगल रिसर्च में मदद कर सकता है, लेकिन स्टूडेंट्स को इसके आउटपुट को प्राइमरी सोर्स से वेरिफाई करना होगा। स्टूडेंट्स को अपने सबमिशन की जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

क्लासरूम एक्सरसाइज से आगे बढ़ाना चाहिए

सीजेआई ने ग्रेजुएशन के लिए लीगल एड वर्क का कम से कम समय जरूरी करने का प्रस्ताव रखा और तय जरूरत से ज्यादा काम करने वाले छात्रों को एक्स्ट्रा एकेडमिक क्रेडिट देने की बात कही है। उन्होंने कहा कि लीगल एड क्लीनिक को क्लासरूम एक्सरसाइज से आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने एविडेंस, क्रिमिनल प्रोसीजर, फैमिली लॉ और कॉन्स्टिट्यूशनल लॉ में प्रैक्टिकल एक्सरसाइज का भी सुझाव दिया है।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक गजेंद्र सिंह राठौड़ के लिए, मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 12सी, श्री राम नगर विस्तार, स्कीम 12 सी, झोटवाड़ा, जयपुर 331403 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJBIL/26/A5611, प्रबंध सम्पादक- गजेंद्र सिंह राठौड़, मो. 9461119998, E-mail: info@zoomnews.in